www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

23 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 96



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# बोकारो-लातेहार में मुठभेड़ दो नक्सली मरे, एक घायल

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में नक्सली गतिविधियों में अचानक तेजी आयी है। बोकारो और लातेहार में नक्सली गतिविधियां दर्ज की गयी हैं। बोकारो में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला समेत दो नक्सली मारे गये हैं, जबकि लातेहार में दो अलग-अलग वारदातों में एक नक्सली घायल हुआ है। एक ही दिन में इतनी घटनाओं से पता चलता है कि झारखंड में नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाया है। उधर, अपराधियों ने एक निजी कंपनी के साइट इंजीनियर को गोली मार कर घायल भी कर दिया।**

## बोकारो के नारायणपुर में महिला समेत दो हार्डकोर नक्सली ढेर



- दो पुलिस कर्मी भी हुए घायल, जंगल में तलाशी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोविंदपुर (बोकारो थर्मल)।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र ऊपरघाट के बंसी और जरवा के जंगल में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गये हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है, जो मंगलवार को चंद्रपुरा से पकड़े गये 15 लाख के इनामी रणविजय महतो की पत्नी बतायी जा रही है। मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, बोकारो एसपी को सूचना मिली थी कि रणविजय महतो की गिरफ्तारी के बाद छह नक्सलियों का सशस्त्र दस्ता ऊपरघाट के जरवा और बंशी के जंगल में है। इसके बाद एसपी ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। इसी क्रम में नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी गयी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक महिला नक्सली सहित दो नक्सली मारे गये। दोनों शव बरामद कर लिये गये हैं। मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए बीजीएच भेजा गया है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी है और तलाशी अभियान चल रहा है।

## मनिका में पुल निर्माण साइट पर हमला, इंजीनियर को मारी गोली

**मनिका (आजाद सिपाही)।** मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहाना नदी पर पुल बना रही निजी कंपनी भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड की साइट पर बुधवार को हमला किया गया। इस दौरान कंपनी के इंजीनियर दीपांकर को पैर में गोली लगी। घायल इंजीनियर आरंभिक इलाज के बाद सदर अस्पताल भेजा गया। मनिका थाना के एसआइ सत्येंद्र कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। साइट पर मजदूरों ने बताया कि एक बाइक से तीन अज्ञात लोग आये और फायरिंग करने लगे। मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार ने गोलीबारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है। एसपी कुमार गौरव ने कहा कि घटना में नक्सलियों का हाथ होने की संभावना नहीं है। यह किसी अपराधी गिरोह का काम हो सकता है।

## लातेहार के सेमरखाड़ गांव के जंगल में मुठभेड़, जेजेएमपी नक्सली घायल

- सेमरखाड़ गांव के जंगल में दोनों ओर से चली गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार और लोहरदगा जिला की सीमा पर स्थित सेमरखाड़ गांव के जंगल में पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी है। सदर अस्पताल में उसका इलाज करने के बाद उसे रिम्स भेज दिया गया।



जानकारी के मुताबिक एसपी कुमार गौरव को इलाके में नक्सली दस्ते के जमा होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रचे जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के मद्देनजर पुलिस उस इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। पुलिस जैसे ही जंगल के पास पहुंची, नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें एक नक्सली के पैर में गोली लगी। पुलिस को भारी पड़ता देख कर नक्सली अपने घायल साथी को छोड़ कर भाग निकले। फायरिंग रुकने पर पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। उसी दौरान घायल नक्सली को पकड़ा गया। उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। एसपी ने घटना की पुष्टि की है और कहा कि नक्सलियों की धर-पकड़ के लिए इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# जून तक तैयार होगा विधायक आवास: हेमंत

## जल्द से जल्द हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी करें



- मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को जगन्नाथपुर में निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां विधायकों के लिए बन रहे आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कांप्लेक्स, चिल्ड्रन पार्क, बिजली, पानी, सड़क, पार्किंग और सीवरेज-ड्रेनेज की व्यवस्था समेत अन्य कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि जल्द से जल्द इसके हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कर विधायकों को आवास आवंटित किया जा सके। निर्माण कार्य कर रही कंपनी ने इस वर्ष जून तक सभी निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर पौधा लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिए आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया गया है। विधायक आवासीय परिसर का निर्माण होने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### बिहार के बाहुबली अनंत सिंह पर 60-70 राउंड फायरिंग

**पटना।** पूर्व विधायक और बाहुबली नेता अनंत सिंह पर बुधवार देर शाम जानलेवा हमला हुआ है। गैंगस्टर सोनू-मोनू ने 60 से 70 राउंड फायरिंग की। जवाब में अनंत सिंह के समर्थकों ने भी गोली चलायी। अनंत सिंह मोकामा विधानसभा क्षेत्र के नौरंगा गांव के दौरे पर थे, तभी हमला हुआ। दो दिन पहले सोनू-मोनू के भट्ठे पर काम करने वाले मुंशी मुकेश कुमार अपने बकाया पैसे मांगने गैंगस्टर भाइयों के पास पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों ने मुंशी के साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर करके ताला लगा दिया था। अनंत सिंह सोमवार को इसी मामले में पंचायती कराने गये थे। इस दौरान अनंत सिंह ने सोनू-मोनू से कहा कि मुकेश के घर का ताला खोल दो, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद अनंत सिंह बुधवार देर शाम अपने समर्थकों के साथ फिर से नौरंगा गांव में विवाद सुलझाने पहुंचे। उन्हें देखते ही गैंगस्टर भाइयों सोनू-मोनू ने फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में अनंत सिंह बाल-बाल बचे।

### महाकुंभ अग्निकांड, 10 हिरासत में, 117 से पूछताछ

**वाराणसी।** महाकुंभ मेले में 19 जनवरी को लगी आग की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेएफ) ने ली है। इसके बाद यूपी एटीएस और एनआइए अलर्ट हो गयी है। अब एजेंसियां अग्निकांड में आतंकी कनेक्शन तलाश रही हैं। एजेंसियों ने 1000 संदिग्ध लोगों का मोबाइल नंबर, सोशल मीडिया अकाउंट ट्रेस किया है। सबको नोटिस भी भेजा है। इनमें से 117 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। ये सभी घटना के वक्त महाकुंभ के आसपास मौजूद थे।

# आग की अफवाह के बाद पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे यात्री, 12 की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4:42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराये यात्री कूद गये। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। जलगांव एसपी ने 12 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 40 यात्रियों के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर तीखा मोड़ है। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे यात्रियों को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक एक्सप्रेस से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गये। जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी, जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जानकारी के अनुसार पुष्पक एक्सप्रेस के एक कोच के अंदर हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग) के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गये। उन्होंने जंजीर खींची और उनमें से कुछ नीचे कूद गये, जिसके बाद दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गये।

# नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी के ठिकानों पर एसीबी ने दी दबिश

- झारखंड से लेकर बिहार तक छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के घर पर झारखंड पुलिस की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार सुबह दबिश डाली। राजेश के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद जिले में स्थित ठिकानों पर एसीबी टीम पहुंची। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित राजेश कुमार के निवास पर भी एसीबी की टीम ने छापा मारा। नामकुम सीओ ऑफिस में भी एसीबी की टीम ने छापेमारी की। दोनों जगहों से कागजात जब्त किये गये हैं। राजेश कुमार रांची के सदर सीओ मुंशी राम के करीबी माने जाते हैं। पिछले दिनों मुंशी राम को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। इसके बाद एसीबी ने राजेश के यहां छापेमारी की है। इस मामले को मुंशी राम से जोड़ कर देखा जा रहा है। एसीबी अधिकारियों की ओर से कोई अधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, हालांकि इन जगहों से कई कागजात जब्त किये जाने की बात सामने आ रही है।

# योगी ने 54 मंत्रियों के साथ संगम में लगायी डुबकी

## महाकुंभ नगरी में यूपी कैबिनेट की बैठक : सात जिलों का नया धार्मिक सर्किट बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में सात जिलों को मिलाकर नया धार्मिक सर्किट बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ नगरी में बुधवार को कैबिनेट की बैठक के बाद इसका एलान किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सर्किट में प्रयागराज, काशी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर और भदोही जिले शामिल होंगे। बैठक के बाद योगी और 54 मंत्री अरैल घाट से स्टीमर के जरिये संगम के लिए रवाना हुए। रास्ते में साइबेरियन पक्षियों और मछलियों को योगी ने नमकीन खिलायी। इसके बाद संगम में योगी और सभी 54 मंत्रियों ने स्नान किया।

उधर, 19 जनवरी को महाकुंभ मेले के सेक्टर-19 में आग लगी थी। इसे आतंकवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (के-एफजेड) ने ब्लास्ट बताया है। इसकी जिम्मेदारी भी ली है। इस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद ही मामला स्पष्ट होगा।



### म्युनिसिपल बांड जारी किये जायेंगे

कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज, वाराणसी और आगरा के म्युनिसिपल बांड जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके अलावा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से उत्तर प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का अपग्रेडेशन और पांच सेंटरों की स्थापना करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

कैबिनेट ने प्रयागराज के साथ ही पूरे क्षेत्र का सस्टेनेबल डेवलपमेंट करने, लखनऊ में एससीआर की तरह चित्रकूट और प्रयागराज को मिलाकर विकास करने, प्रयागराज, विंध्याचल और काशी को एक नया एक्सप्रेस वे देने और प्रयागराज में फोरलेन पुल बनाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गयी।

### पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालित किये जायेंगे: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में पहली बार उत्तर प्रदेश का पूरा मंत्रिपरिषद मौजूद है। इसकी बैठक में प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। कुछ नये निवेश के प्रस्ताव आये हैं। इनमें एक मिर्जापुर में 10 हजार करोड़ से अधिक का प्रस्ताव है। दूसरा मुरादाबाद का है। युवाओं के लैपटॉप और टैबलेट वितरण पर भी चर्चा हुई। बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर केजीएमयू के सैटेलाइट सेंटर को मेडिकल कॉलेज के रूप में संचालित किया जायेगा। इसके अलावा बागपत, हाथरस और कासगंज में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज संचालित किये जायेंगे।


PUSKAR SCHOOL OF NURSING TRAINING
Hanuman Mandir Road (Near South Railway Colony)
Krishnapuri Road No.-1, Chutia, Ranchi, Jharkhand
Estd - 2016
You Tube - Puskar Group | Website : www.puskargroup.com | Email : info@puskargroup.com
Direct Admission
Golden Opportunity for Inter Pass Girls & Boys
Limited Seats
For the Course
Auxiliary Nurse & Midwifery (A.N.M)
General Nursing & Midwifery (G.N.M.)
Recognized by - Indian Nursing Council, New Delhi. | Jharkhand Nurses Registration Council, Ranchi
PLACEMENT ASSISTANCE
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
Department of Health Medical Education & Family Welfare, Government of Jharkhand.
ADMISSION OPEN | Course for Girls, Boys, Married Unmarried & Widow
HOSTEL FACILITY AVAILABLE WITHIN CAMPUS | TRANSPORT FACILITY AVAILABLE

| Course | Qualification | Period | Age Limit |
|---|---|---|---|
| A.N.M Nursing | All Subjects, Inter (10+2) | 2 Years | Min. 17 Years |
| G.N.M. Nursing | All Subjects, Inter (10+2) with Core English | 3 Years | Min. 17 Years |

Ph. No. & Fax - 0651-2460123/ Mobile No.: 09471552675 & 07367957505

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 75,900 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# मुफ्त की होड़ में गायब हैं दिल्ली के बुनियादी मुद्दे

## जनता की समस्याओं पर नहीं है किसी का फोकस

## राष्ट्रीय राजधानी में इस बार का चुनाव कह रहा है अलग कहानी

## हर दल की तरफ से मतदाताओं के लिए हुआ है रेवड़ियों का वादा

**देश की राजनीतिक राजधानी, यानी दिल्ली इन दिनों विधानसभा चुनाव की तपिश झेल रही है। चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है और राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी चल रहा है। इस बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव कुछ अलग कहानी कह रहा है। हाल के दिनों में यह पहली बार है कि चुनावी विमर्श से दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब हैं। चाहे लगातार चौथी बार दिल्ली की सत्ता में वापस आने की कोशिश कर रही आम आदमी पार्टी हो या फिर उसे रोकने के लिए पूरी ताकत झोंक चुकी भाजपा, या फिर मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की जुगत में भिड़ी कांग्रेस, किसी ने भी दिल्ली के बुनियादी मुद्दों पर बात करने की जहमत तक नहीं उठायी है। दिल्ली में सीवर, पीने के पानी, स्वास्थ्य और सड़क जैसी समस्याएं ऐसी हैं, जिनसे हर व्यक्ति परेशान है, चाहे वह वहां रहता हो या नहीं, लेकिन आश्चर्य है कि इन मुद्दों पर किसी भी राजनीतिक दल का ध्यान नहीं गया है। इन दलों ने अपने-अपने चुनावी वादों की लिस्ट में मुफ्त की रेवड़ियों की झड़ी लगा दी है। दूसरे शब्दों में कहें तो दिल्ली का मतदाता अब यही सोच रहा होगा कि कौन सी पार्टी उसे अधिक दे रही है। किसी भी चुनाव के लिए यह स्वस्थ परंपरा नहीं है और खास कर दिल्ली जैसे महानगर के लिए तो कतई ठीक नहीं है, क्योंकि दिल्ली केवल यहां के मतदाताओं की नहीं, बल्कि भारत के हर मतदाता के लिए है। ऐसे में मुफ्त की यह होड़ दिल्ली चुनाव को कैसे और कितना प्रभावित कर रही है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

सड़क से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दों की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक चिंता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किये हैं, लेकिन उनमें दिल्ली से जुड़े जरूरी और बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद और मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजनीतिक राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद की जा रही थी। दिल्ली के चुनाव प्रचार अभियान में चूंकि जरूरी मुद्दे नहीं उठ रहे हैं, इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।

राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं और नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित और अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है, तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं और मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए बढ़-चढ़ कर रेवड़ी संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वह उन क्षेत्रों को रेखांकित करती, जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वह मतदाताओं के सामने बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात पर बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्द-गिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडंबना और त्रासदी ही है।




यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है, जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है, जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले और विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास और प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर मुफ्त की सुविधाओं पर ही केंद्रित हैं। ऐसे में भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे और विकास की तस्वीर कैसे बनेगी?

दिल्ली के चुनावी मैदान में प्रत्याशियों के चयन और मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गयी है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीति का अपराधीकरण और दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं। दिल्ली की मानसिकता घायल है और जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए, न कि मुफ्त की संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है, उसमें सूझ-बूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है, लेकिन फिर भी अनपढ़ और गरीब मतदाता मुफ्त की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है, जो उन्नत सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिए यमुना में बढ़ता प्रदूषण भी चिंता का एक कारण है। समय पर जलापूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिए उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिए उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है, जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। जनता के मतों का ही नहीं, उसकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जम कर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने और लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा और चिकित्सा की हालत जर्जर है।

इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आर-पार की है। दिल्ली के सिंहासन को छूने के लिए सबके हाथों में खुजली हो रही है। उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिंता है, अगली पीढ़ी की नहीं। वे मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है, जिसका नतीजा दिल्ली भुगत रहा है और तब तक भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होंगे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनायी

- इस योजना ने भारत में लैंगिक समानता और बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, जो लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, की 10वीं वर्षगांठ के महत्वपूर्ण अवसर पर समारोह मनाया। विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री जगत



प्रकाश नड्डा, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला और बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में योजना के एक दशक की प्रगति पर प्रकाश डाला गया, जो महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना की भी पुष्टि की, जहां लैंगिक समानता एक नीतिगत प्राथमिकता ना होकर, एक सामाजिक मानदंड है।

जेपी नड्डा ने अपने विशेष संबोधन में योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता बाल लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव और लड़कियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में पर्याप्त सुधार से स्पष्ट है। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बालिका को वह देखभाल और अवसर प्राप्त हों, जिसकी वह हकदार है, ताकि वह भविष्य की नेता बन सके।

अपने मुख्य वक्तव्य में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बीबीबीपी के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह योजना सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बन गयी है। उन्होंने कहा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल सरकारी योजना से आगे बढ़कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गयी है। इस 10 साल की यात्रा ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के समान अवसर प्राप्त हों, यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने इस योजना द्वारा लाये गये सांस्कृतिक बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिलाओं के उत्थान के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संग्रह, मिशन वात्सल्य पोर्टल, मिशन शक्ति पोर्टल और मिशन शक्ति मोबाइल ऐप सहित कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की गयी।

# कैबिनेट ने 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को दी मंजूरी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने दी मंजूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीइए) ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी है। 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट (टीडी-3 श्रेणी) का एमएसपी, 5,650 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह अखिल भारतीय स्तर पर उत्पादन की भारित औसत लागत से 66.8 प्रतिशत अधिक की वापसी सुनिश्चित करेगा। विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट का अनुशंसित एमएसपी, अखिल भारतीय स्तर पर उत्पादन की भारित औसत लागत से एमएसपी को कम से कम 1.5 गुना निर्धारित करने के सिद्धांत के अनुरूप है, जिसकी घोषणा सरकार द्वारा 2018-19 के बजट में की गयी थी।



विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट का एमएसपी, पिछले विपणन सीजन 2024-25 की तुलना में 315 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। भारत सरकार ने कच्चे जूट के एमएसपी को 2014-15 के 2400 रुपये क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल किया है, इस प्रकार कच्चे जूट के एमएसपी में 3250 रुपये प्रति क्विंटल (2.35 गुनी) की वृद्धि दर्ज की गयी है।

2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उगाने वाले किसानों को भुगतान की गयी एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपये रही, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान, भुगतान की गयी राशि 441 करोड़ रुपये थी। 40 लाख कृषक परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है। लगभग 4 लाख श्रमिकों को जूट मिलों में और जूट में व्यापार में प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। पिछले साल जूट की खरीद 1 लाख 70 हजार किसानों से की गयी थी। जूट के 82% किसान पश्चिम बंगाल के हैं, जबकि शेष जूट उत्पादन में असम और बिहार की हिस्सेदारी 9% (प्रत्येक) है। भारतीय पटसन निगम (जेसीआइ) केंद्र सरकार के नोडल एजेंसी के रूप में मूल्य समर्थन संचालन करना जारी रखेगा और इस तरह के संचालन में, यदि कोई हानि होती है, तो हानि की पूरी प्रतिपूर्ति केंद्र सरकार द्वारा की जायेगी।

## कैबिनेट को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की 2021-24 की उपलब्धियां बतायी गयीं

# देश भर में कोविड वैक्सीन की 220 करोड़ खुराक दी गयी

- 12 लाख से अधिक अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों को शामिल किया
- 1990 के बाद से एमएमआर में 83 प्रतिशत की कमी आयी
- पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर में 75 प्रतिशत कमी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट को वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत प्रगति से अवगत कराया गया। कैबिनेट को मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, पांच वर्ष से कम आयु वर्ग की मृत्यु दर और कुल प्रजनन दर में त्वरित गिरावट और टीबी, मलेरिया, कालाजार, डेंगू, टीबी, कुष्ठ रोग, वायरल हेपेटाइटिस आदि विभिन्न रोगों के कार्यक्रमों के संबंध में प्रगति और राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन जैसी नयी पहलों से भी अवगत कराया गया। एनएचएम ने मानव संसाधनों के विस्तार, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान और स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों के लिए एकीकृत उपायों को बढ़ावा देने के अपने अथक प्रयासों के माध्यम से भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले तीन वर्षों में एनएचएम ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित कई क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति की है। खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान मिशन के प्रयास भारत के स्वास्थ्य सुधारों के लिए अभिन्न रहे हैं और इसने पूरे देश में अधिक सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। एनएचएम की एक प्रमुख उपलब्धि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के भीतर मानव संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में, एनएचएम ने जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ), विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, एएनएम, आयुष डॉक्टर, संबद्ध स्वास्थ्य सेवा कार्यकर्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधकों सहित 2.69 लाख अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की नियुक्ति की। इसके अतिरिक्त 90,740 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) नियुक्त किये गये। बाद के वर्षों में यह संख्या बढ़ी। इन प्रयासों ने खासकर जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा वितरण को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एनएचएम कार्यक्रम ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, खासकर कोविड-19 महामारी के जवाब में।

भारत ने एनएचएम के तहत प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2014-16 में 130 प्रति लाख जीवित जन्मों से घटकर 2018-20 में 97 प्रति लाख हो गया है, जो 25 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है। 1990 के बाद से इसमें 83 प्रतिशत की गिरावट आयी है, जो वैश्विक गिरावट 45 प्रतिशत से अधिक है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

198000 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)


YouTube Channel

Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.6 °c | 12.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |

# सरना प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हेमंत को दिया वार्षिक पूजा का निमंत्रण





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केंद्रीय कमेटी एवं केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा ने गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव में 3 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले सिरसी-ता-नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा-प्रार्थना कार्यक्रम) में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति ने अपनी मांगों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, कोषाध्यक्ष प्रकाश हंस, संरक्षक सचिन कच्छप, मुन्ना उरांव एवं राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, राष्ट्रीय सचिव करमा उरांव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, प्रदेश धर्मगुरु राजेश लिंडा, रामगढ़ राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला धर्मगुरु संदीप उरांव, लोहरदगा जिला धर्मगुरु फुलेश्वर उरांव के अलावा सोमदेव उरांव, जयंती उरांव, कृष्ण भगत, सुकेंदर भगत, बुंडू सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष एतवा उरांव, नूतन कच्छप, सुधु भगत एवं भूलेश्वर भगत प्रमुख रूप से शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

**वृष** प्रेम प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मिथुन** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।

**कर्क** राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

**सिंह** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**कन्या** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता,मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, विशिष्टजनों से संपर्क होगा।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, चल-अचल संपत्ति से लाभ होगा।

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा, उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**मकर** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कुंभ** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझनें दूर होंगी।

**मीन** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर भाजपा के नेता छात्रों को गुमराह कर रहे हैं : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ गया है। इस मुद्दे पर बुधवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर कड़ा प्रहार किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के नेता जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को लेकर छात्रों और राज्य के युवा वर्ग के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ये नेता युवा वर्ग को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के ऐसे नेताओं को अब एक्सपोज करने का समय आ गया है। जनता को इनकी सच्चाई बताने का समय आ गया है। उन्होंने भाजपा के ऐसे नेताओं से आग्रह किया कि वे सीजीएल परीक्षा को लेकर वे युवा वर्ग के बीच गलत प्रचार न करें।





### अगले पांच साल तक बिना नेता प्रतिपक्ष के सरकार चलाना होगा

सुप्रियो ने कहा कि रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी को नेता नहीं मानते हैं। दोनों के बीच जो संबंध बन गये हैं, उसके कारण भाजपा अपने नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि हेमंत सरकार को अगले पांच साल तक बिना नेता प्रतिपक्ष के सरकार को चलाना होगा।

### भाजपा सांसदों को पीएम केयर फंड का भी हिसाब लेना चाहिए

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि कोरोना के समय में आपदा विभाग से जो राशि विभिन्न विभागों को दी गयी, इसमें सबसे बड़ी राशि हेल्थ डिपार्टमेंट को दी गयी। इसके साथ ही कल्याण विभाग, पुलिस दूसरे विभागों को भी राशि दी गयी। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद इन राशियों के खर्च का मिलान किया गया तो इसमें कुछ अनियमितताएं सामने आयीं। उन्होंने कहा कि ये पैसा आमजन का है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इससे पहले भी पूरी पारदर्शिता के साथ वित्तीय लेनदेन को सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आपदा विभाग के पैसे का हिसाब भी विभागों से लिया जा रहा है। ये काम जल्दी ही पूरा हो जायेगा। इसके बाद इसे जनता के सामने रखा जायेगा, लेकिन भाजपा को इससे तकलीफ हो रही है। सुप्रियो ने आगे कहा कि झारखंड से भी भाजपा के सांसद हैं, और इनमें से कुछ केंद्र में मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि इन सांसदों को पीएम केयर फंड का भी हिसाब लेना चाहिए। प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष के रहते अचानक से पीएम के नाम से एक ट्रस्ट तैयार हो जाता है और नॉन अकाउंटेबल हो जाता है। इस फंड का कैग भी लेखा-जोखा नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कोई इसका हिसाब नहीं ले सकता कि पीएम केयर फंड में कितने पैसे आये। कहा कि इस फंड में देश और विदेश से भी पैसे आये, लेकिन इसका कोई हिसाब नहीं है।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले में अगली सुनवाई 26 मार्च को

## कोर्ट ने अनुसंधान की अपडेट रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

**हाइकोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक जारी रखी है**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2023 पेपर लीक मामले की सीबीआइ या न्यायिक जांच कराने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआइडी के अनुसंधान जारी हैं। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है जिसकी रिपोर्ट के लिए चार सप्ताह का समय लगेगा। जिस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। साथ ही राज्य सरकार को अनुसंधान की अपडेट रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक जारी रखी है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

दरअसल, पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट की खंडपीठ ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपना रिपोर्ट दे।

# विधानसभा के सेवानिवृत्त प्रभारी सचिव का विदाई समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो बुधवार को झारखंड विधानसभा सभागार में सेवानिवृत्त प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के विदाई समारोह में सम्मिलित हुए। अपर सचिव सह प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर अपने पद से 30 नवंबर 24 को झारखंड विधानसभा सचिवालय से सेवानिवृत्त हुए थे। इसे लेकर सभा सचिवालय में उनके विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वे बिहार विधानसभा में 18 फरवरी 1980 को नियुक्त हुए थे। कैडर विभाजन के उपरांत वे झारखंड विधानसभा में 20 नवंबर 2000 को प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में अपना योगदान दिये। प्रोन्नत होकर अपर सचिव के पद तक पहुंचे। विदाई समारोह में अध्यक्ष ने कहा कि सभागार में आपके सहकर्मियों का उपस्थिति यह प्रमाणित कर रही है कि अपने सेवाकाल में आपने अपने व्यवहार कौशल से सभी को साथ लेकर चला है। प्रभारी सचिव माणिक लाल हेंब्रम ने कहा कि हम सभी उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

# झारखंड के 2 मजदूरों की पश्चिम बंगाल में मौत

**हर घर नल योजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के दौरान मिट्टी धंसने से हुआ हादसा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल के सालानपुर प्रखंड में हर घर नल योजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहां पाइप वेल्डिंग के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से 4 मजदूर दब गये। इसमें से 3 की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में 22 वर्षीय रज्जाक शेख, 18 वर्षीय रोहित उद्दीन शेख और 25 वर्षीय नितेश पासवान की मौत हो गयी। रज्जाक और रोहित झारखंड के पाकुड़ जिले के रहने वाले थे। जबकि नितेश पश्चिम बंगाल के नियामतपुर चिनाकुड़ी का था। घायल 20 वर्षीय शमसुल शेख भी पाकुड़ का निवासी है और उसका इलाज चल रहा है।



### घटना की जांच का आदेश दिया

घटना की सूचना मिलते ही बचाव कार्य शुरू किया गया। पोकलेन मशीन की मदद से मजदूरों को बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने 3 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इस परियोजना का काम आसनसोल की मुहम्मद आमिर खान एजेंसी द्वारा कराया जा रहा था। हादसे के बाद जनस्वास्थ्य तकनीकी विभाग, आसनसोल अनुमंडल अधिकारी और सालानपुर बीडीओ सहिता कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दिये हैं और मृतकों के परिवारों को सहायता देने का आश्वासन दिया है। फिलहाल जलापूर्ति पाइपलाइन का कार्य रोक दिया गया है।

## उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38 वें नेशनल गेम्स का आयोजन

# झारखंड के खिलाड़ियों में खेल किट का वितरण किया गया

**खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा, 37 खेलों में देशभर के अलग-अलग राज्यों के प्लेयर्स भागीदारी झारखंड से मात्र 18 खेलों में ही हिस्सा चिंताजनक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खेल निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38 वें नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। इसमें 37 खेलों में देशभर के अलग-अलग राज्यों के प्लेयर्स भागीदारी कर रहे हैं, पर झारखंड से मात्र 18 खेलों में ही हिस्सा लिया जा रहा है। राज्य सरकार इस विषय पर आनेवाले समय में खेल संघों के साथ जरूर मंथन करेगी और भविष्य में इस तस्वीर को ठीक किया जायेगा। उक्त बातें संदीप कुमार ने मोरहाबादी फूटबाल मैदान में आयोजित उत्तराखंड नेशनल गेम्स में जानेवाले झारखंड के खिलाड़ियों को खेल किट वितरण समारोह में कहीं। बता दें कि झारखंड से कुल 18 गेम्स में प्लेयर्स उत्तराखंड नेशनल गेम्स में 118 पदकों के लिए ताल ठोकेंगे। इसमें 95 पुरुष प्लेयर्स और 76 महिला प्लेयर्स सहित 18 मैनेजर और 24 कोच भी शामिल होंगे। संदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार खेल नीति के मुताबिक सभी सुविधाएं खिलाड़ियों को दे रही है। जरूरत के हिसाब से डिमांड भी पूरी कर रही है। कहा कि झारखंड वापस लौटने पर भी विनर्स का जोरदार स्वागत होगा। झारखंड ओलंपिक संघ के मधुकांत पाठक ने कहा कि अभी जितनी टीम और प्लेयर्स उत्तराखंड जा रहे हैं, उससे बेहतर हो सकता था। इस मौके पर साझा के संयुक्त सचिव राज किशोर खाखा, अवर सचिव राजेश कुमार, शिवेंद्र दुबे, शेखर बोस, शिव कुमार पांडेय, इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर रही सुमराय टेटे, हॉकी झारखंड के विजय शंकर सिंह, रजनीश, मनोज कोनबेगी, कोच आशु भाटिया, अजय झा सहित अन्य भी उपस्थित थे।






रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.अ–08012025–259982

असाधारण

भाग II–खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 70] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 3, 2025/पौष 13, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2025

**का.आ. 72 (अ).** – केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH-143D के कि.मी. 127.500 से कि.मी. 150.300 (जिला भू–अर्जन कार्यालय, खुँटी) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, खुँटी को लिखित रुप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रुप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के खूंटी जिले में NH-143D के कि.मी. 127.500 से कि.मी. 150.300 (जिला भू–अर्जन कार्यालय, खुँटी) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

[फा.स. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3a/3A]

अभय जैन, निदेशक

जिला: खूंटी

प्रकाशन तिथि: 3 जनवरी, 2025

https://egazette.gov.in

https://bhoomirashi.gov.in

नोट:– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, सीओ सह बीडीओ श्रवण कुमार झा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी डॉ रन्ना रानी कुंज, सीडीपीओ निलू रानी, स्वास्थ्य मंत्री पंसस युसूफ अंसारी, पंसस मंजू देवी, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अमित यादव ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सभी बिमारियों की सही जानकारी नहीं होती है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जा रहा है। मौके पर विधायक ने फायलेरिया मरीज सरयू साव को स्टेंड, कीट और नुनू भुइयां को स्टेंड वितरण किया। डॉ रन्ना रानी ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने की अपील लोगों से किया। इस अवसर पर डॉ निशात बेक, डॉ जसीम खान, डॉ फातमा खातून, डॉ प्रणिता प्रिया, प्रधान लिपिक सोनी रविदास, बीपीएम रंजीत सिंह, स्वास्थ्य मैनेजर पंकज कुमार, भवेश कुमार, विशाल सिंह बीटीटी प्रकाश पंडित, सहिया साथी गुंजा देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, पिता घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी में बुधवार को देर शाम दर्दनाक हादसा में पुत्र की मौत हो गयी। जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। घाटी के नौवां माइल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक बच्चे की मौत हो गयी है। औरंगाबाद निवासी आलोक कुमार सिन्हा अपने पुत्र लक्षित कुमार (7) के साथ बुधवार को बाइक से कोडरमा से अपने पैतृक गांव औरंगाबाद की ओर जा रहे थे। इसी बीच कोडरमा घाटी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसमें उनके बेटे लक्षित की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि आलोक सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर कोडरमा पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। ज्ञात हो कि आलोक सिन्हा वर्तमान में डोमचांच उच्च विद्यालय में बतौर शिक्षक कार्यरत हैं और वे अपने पत्नी व बच्चे के साथ कोडरमा के राजा तालाब के समीप रहते हैं। घटना के पश्चात लक्षित की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराने में जुट गयी है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कैंप



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कोडरमा के सौजन्य से कोडरमा प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत में सर्वजन पेंशन योजना और झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कैंप का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत के नेतृत्व में कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वजन पेंशन योजना और झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से समस्याओं का निराकरण किया गया। कैंप में करीब 200 आवेदन प्राप्त हुए और उन समस्याओं का निराकरण किया गया। इस मौके पर झामुमो के पवन कुजूर, उप मुखिया जीतू थापा, उमा शंकर लिपिक, बिनोद उरांव पंचायत सचिव और अन्य मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य से बढ़कर कोई धन नहीं है: रौशनलाल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशनलाल चौधरी के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से संबंधित 25 से अधिक स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें शुगर, बीपी, हार्ट, बुखार, खांसी, टीवी, लकवा, नेत्र रोग के अलावा अन्य कई रोगों से संबंधित मरीज शिविर में कुल 428 मरीज पहुंचकर अपना इलाज करवाये। इसके अलावा 11 मरीज का एक्सीडेंट किया गया और एक दिव्यांग को वॉकर दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कोई धन नहीं है जो व्यक्ति स्वस्थ है वही धनवान है। अपने स्वास्थ्य के प्रति सभी को विशेष रूप से जागरूक होना चाहिए समय पर शरीर की जांच करनी चाहिए ताकि समय रहते रोगों को दूर किया जा सके। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी जिला परिषद यासमीन निशा, सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, डॉक्टर अनामिका दीप, डॉक्टर अनुप्रिया, डॉक्टर गौतम भास्कर, डॉक्टर इंद्रदेव प्रसाद, डॉक्टर कलीमुल्लाह, बीपीएम नवीन कुमार, आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, सहेस कुमार, तपेश्वर कुमार तापस, मोहम्मद कलीमुल्लाह अशोक कुमार, संजय कुमार, सहिया साथी आशिया खातून, सुनीता सिन्हा जमनी देवी,तरुण कुमार शर्मा, सुधीर कुमार आजाद, कमरे आलम, प्रेमलता, बसंती रानी, प्रणव कुमार, अरविंद कुमार, विश्वजीत कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीडीसी से मिली मुखिया सुनीता देवी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** डाढ़ा पंचायत अंतर्गत आने वाले गांव में 9 सरकारी विद्यालय संचालित है। जहां आज भी मूलभूत सुविधा से छात्र छात्राएं वंचित है। कई विद्यालय के भवन जर्जर है, तो कई विद्यालय में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से चार दिवारी की कमी है। इसके साथ ही आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती क्षेत्र में संचालित सरकारी विद्यालय में शिक्षक की भी कमी है। इन सब समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत डाढ़ा की मुखिया सुनीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार मेहता ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया और इन सब समस्या और कमियों को लेकर बुधवार को डीडीसी इश्तियाक अहमद से मुलाकात की। उन्हे समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन भी सौंपा है। मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि हमारा पंचायत काफी सुदूरवर्ती क्षेत्र में आता है और यहां अधिकतर बच्चे आदिवासी बहुत क्षेत्र से पढ़ाई करने के लिए सरकारी विद्यालय तक पहुंचाते हैं। समस्या की जानकारी मिली और निरीक्षण करते हुए हमने समस्या से जुड़ी जानकारी और ज्ञापन डीडीसी और जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया है। भरोसा है कि वरीय पदाधिकारी इन सब समस्याओं का संज्ञान लेते हुए विद्यालय का निरीक्षण करेंगे और शीघ्र ही विद्यालय में हो रही समस्याओं पर निराकरण करेंगे।

### जनता की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान के लिए लगा कैंप, जमीन विवाद के सर्वाधिक मामले

# हर मामले के निदान का दिया गया भरोसा

**डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशानुसार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश और डीजीपी अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हजारीबाग समरणालय परिसर में सुबह के 11 बजे से फरियादी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे। हजारीबाग के नये समरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइजी ए विजयलक्ष्मी के उपस्थिति में जिला के वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां फरियादी अपनी समस्या लेकर एसपी अरविंद कुमार सिंह से मुलाकात कर उन्हें आवेदन दिया।

सभी के आवेदन सूचीबद्ध किये गये ताकि निर्धारित समय पर समस्या का समाधान किया जा सके। वहीं कई मामलों का ऑन स्पॉट समाधान भी किया गया। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा अधिकतर मामले जमीन विवाद को लेकर आ रहे हैं। संबंधित कार्यालय को आवेदन अग्रसर किया जायेगा। वहीं कई ऐसे मामले हैं जिनका ऑन स्पॉट समाधान करने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने आस्वस्थ किया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये हर एक समस्या का समाधान होगा। आम जनता के लिए कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित हो रहा है जहां एक ही मंच पर सभी अधिकारी मिल जाते हैं।

# राम जन्मभूमि मंदिर के स्थापना दिवस पर जश्न का माहौल

**चित्रगुप्त नगर हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन पाठ सह भंडारे का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का 22 जनवरी को एक साल पूरा होने पर कदमा चित्रगुप्त नगर स्थित हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन पाठ का आयोजन किया गया। महावीर मंदिर में पिछले 24 घंटे से अखंड कीर्तन का पाठ मंगलवार से प्रारंभ हुआ जो बुधवार दोपहर के 12 बजे के आसपास समाप्त हुआ। 24 घंटे का अखंड कीर्तन पाठ के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान मंदिर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह भी है। सुबह से ही गांव की महिलाएं पूजा अर्चना करने के लिए हनुमान मंदिर पहुंच रही है। इस मौके पर हनुमान मंदिर को भी भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर दुधिया रोशनी से सारा बोर है। आकर्षक विद्युत साज को देखने के लिए भक्त देर शाम भी मंदिर पहुंच कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किये। पूजा समिति के सदस्य अभिषेक और मनीकेत कुमार सिन्हा ने बताया कि 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था। इस तरह के आयोजन से गांव और इलाके में सुख-समृद्धि कायम रहता है। कार्यक्रम में विनय, राजेश, गौरव, दीपक, छोटन, सुजीत, पीहू अदिति, मानवी, नूपुर, मीनाक्षी का महत्वपूर्ण योगदान है।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बड़ा डहरभंगा निवासी किशोरी यादव (उम्र लगभग 45 वर्ष) पिता परमेश्वर यादव (बूटी महतो) की मौत बुधवार की सुबह मुंबई में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी यादव नहाने के बाद काम पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे कि वह अचानक चक्कर खाकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह मुंबई में टैक्सी चलाकर परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। वह घर का एकलौता कमाऊ सदस्य थे। पिछली बार वह 14 महीने पहले कमाने के लिए मुंबई गये हुए थे। उनका शव मुंबई से गांव लाया जा रहा है। घटना की सूचना गांव और आसपास के क्षेत्र में मिलते ही मातम छा गया। उनका एक बेटा राहुल (18 वर्ष) और बेटी काजल (15 वर्ष) है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शारदा विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस की तैयारी परेड



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के योगियाटिल्हा शारदा विद्या मंदिर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड की अभ्यास करते विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा काफी उत्सुक दिखे। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार यादव ने कहा कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े उत्साह पूर्वक धूमधाम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय त्योहार गर्व के साथ मनाया जायेगा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ताल पर ताल मिलाकर परेड करते और फ्लैग मार्च की अभ्यास को लेकर विद्यालय के परेड की तैयारी कराते विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार यादव, निदेशक बासुदेव गोप, शिक्षक सुजीत कुमार रजक, सिकंदर सिंह, सचिन कुमार यादव, रंजीत रजक, सत्यदेव यादव, बिरेंद्र पंडित, आजाद अंसारी और विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं परेड की तैयारी करते दिखे।

# डीसी ने कटकमदाग अंचल और प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**अंचल कार्यालय के कार्य प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने के दिये सख्त निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को कटकमदाग अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण आज बुधवार को किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी, उच्च न्यायालय से संबंधित मामले, सामान्य रोकड़ पंजी, नामांतरण, एनटीपीसी हेतु अर्जित भूमि का नामांतरण, भू लगान, भंडार कक्ष, कैशबुक, आवंटन पंजी, म्यूटेशन आदि भूमि से संबंधित अन्य मामलों की गहनता से जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक, सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन न होने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी।

अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर भूमि हस्तांतरण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से आये पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक, आवंटन पंजी और भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक, सीएल पंजी, जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों को अद्यतन करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया और अंचल के कार्यप्रणाली व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त चेतावनी दी। प्रखंड कार्यालय में आकस्मिक अवकाश पंजी, आगत निर्गत पंजी, सूचना अधिकार पंजी, अंकेक्षण पंजी, वाहन लॉग बुक, जनशिकायत पंजी, पेंशन पंजी, सर्विस बुक, सैरात पंजी और बंदोबस्त पंजी की अद्यतन स्थिति आदि की जांच उपायुक्त द्वारा की गयी।

इस दौरान अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड और अंचल के सभी विभागीय पदाधिकारी, कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**हम चुने हुए जनप्रतिनिधि है, अधिकारी हमारे कार्यक्षेत्र में भी हस्तक्षेप कर हमारे कार्य मे बाधा पहुंचाते है: प्रमुख जैबुन निशा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित धरना स्थल में पंचायत प्रतिनिधि संघ ने प्रखंड के विभिन्न कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी दस सूत्री मांगों को लेकर विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा की अध्यक्षता में एकदिवसीय धरना दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने किया। एकदिवसीय धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख जैबुन निशा ने कहा कि हम चुने हुए जनप्रतिनिधि है, अधिकारी हमारे कार्यक्षेत्र में भी हस्तक्षेप कर हमारे कार्य में बाधा पहुंचाते है, जिस वजह से हम आम जन का कार्य नहीं कर पाते। अगर ऐसे ही चलता रहा तो हम सब आंदोलन को बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदेही इन अधिकारियों की होगी। मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम कुमार महतो ने कहा कि मुख्यतः प्रखंड में तीन कार्यालय प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय और थाना जहां आमलोगों के कार्य बिना चढ़ावे के टस से मस नहीं होता। अधिकारियों को हम सब जनप्रतिनिधियों की ओर से चेतावनी है, जल्द अपने रवैये में सुधार कर लें नहीं तो बड़े आंदोलन और हुक्का पानी बंद को तैयार रहे। राज्यपाल के नाम से अपनी मांगों को रखते हुए विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र सौंपा गया। एकदिवसीय धरना में मुख्य रूप से मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, पूर्व प्रमुख उमा देवी, अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व उप-प्रमुख सुशील कुमार मंडल, किशोर कुमार मंडल, मुखिया लक्ष्मी कुमारी, रीता कुमारी, नन्हकू महतो, महताब हुसैन, शिबू सोरेन, राजेन्द्र मंडल, अनुप कुमार, बिनोद सोरेन, माही पटेल, घनश्याम पाठक, चेतलाल महतो, मिथिलेश कु० बर्मन, बहराम हांसदा, छोटी शर्मा, अजय कुमार मंडल, तेजंती देवी, हेमंती देवी, राजो देवी, बेलाल अंसारी, तापेश्वर रजक, द्वारिका साव, मुख्तार अंसारी, राजेन्द्र मंडल, सादिक अंसारी, अली अंसारी, घनश्याम पाठक, गोविंद रविदास, बलदेव महतो, कैलाश महतो, इबरार अंसारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## डेंटल कॉलेज में रक्तदान शिविर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन और श्रीनिवास ब्लड सेंटर के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर थैलेसीमिया पीड़ित और रक्त के जरूरतमंदों के मरीजों के रक्त की उपलब्धता और सहयोगार्थ हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ सारिका कुमारी ने स्वैच्छिक रक्तदान कर रक्तदान शिविर शुभारंभ किया। शिविर में कुल 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस दौरान डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकूर भार्गव, डॉ निशाद गवली और डॉ सौम्या राज ने कॉलेज परिवार की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सहृदय सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्रीनिवास ब्लड सेंटर से प्रवीण कुमार, अजय कुमार मिश्रा, शिवानी सिन्हा, आशीष राज, संतोष कुमार ने शिविर में अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डेंटल कॉलेज से डॉ तुमुल शेखर, डॉ बोबिन्सन राज, डॉ मनमीत राज, डॉ रितेश कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तदाता डेंटल कॉलेज से डॉ नितिन कुमार, डॉ चारु भारती डॉ सोनू कुमार गुप्ता, डॉ अभिजीत प्रकाश, डॉ साफिया अली, डॉ आकांक्षा कुमारी, डॉ प्रेरणा प्रिया डॉ समृद्धि स्वराज, सैफ खान, मेघा, आशीष कुमार, सांभवी स्नेह, सत्यम कुमार, अपूर्व दीप, आशीष कुमार, अखिलेश कुमार, स्वामी धर्मबंधु कॉलेज से मनीषा कुमारी, संगीता कुमारी, प्रियदर्शिनी अंशू मालिनी, अंजलि भारती, श्रुति प्रसाद, रोशनी कुमारी सहित कई रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## विधायक ने स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदर प्रखंड के ओरिया स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की यह स्वास्थ्य मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जनता को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के आयोजन लोगों को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और कई अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। मेले के दौरान 500 से अधिक लोगों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। विधायक ने कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और क्षेत्र के विकास के लिए और भी योजनाएं लागू की जायेंगी।

## पीएम आवास 2.0 का डोर टू डोर सर्वे



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना आवास 2.0 के तहत शेष बचे लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए समग्र सर्वेक्षण की शुरूआत की गयी। इस महत्त्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने पिपचो पंचायत में डोर-टू-डोर निरीक्षण किया। बीडीओ के साथ प्रखंड समन्वयक, आकांक्षी प्रखंड फेलो, पिपचो पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, और रोजगार सेवक सक्रिय रूप से शामिल रहे। सर्वेक्षण के दौरान आवेदिका और उनके घर से संबंधित सभी विवरण, आधार कार्ड सहित, ऑनलाइन प्रविष्ट किये गये। सर्वे के दौरान बीडीओ ने कहा यह अभियान सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाये। डोर-टू-डोर सर्वे से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित न रहना पड़े। पिपचो पंचायत में स्थानीय निवासियों ने सर्वे टीम का स्वागत किया और योजना के प्रति अपनी उम्मीदें व्यक्त किया। टीम ने सभी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं और पात्रता की जांच करके जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण अगले कुछ हफ्तों तक जारी रहेगा, जिसमें सभी पंचायतों में शेष बचे लाभार्थियों का आंकलन किया जायेगा।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा रूपा पांडेय ने जीता एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी अवार्ड



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** एक्सपीरियंस जापान द्वारा आयोजित जापान ऑन कैनवास नेशनल लेवल पेंटिंग कंपिटिशन में सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा रूपा पांडेय ने एक्स्ट्राऑर्डिनरी अवार्ड हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 62 छात्रों ने भाग लिया था जिसमें रूपा पांडेय की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने कहा कि हमें अपनी छात्रा रूपा पांडेय पर गर्व है। यह उनकी प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है। हमारे सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और हमें उम्मीद है कि वे आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। जबकि रूपा पांडेय को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। सेक्रेड हार्ट स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने रूपा पांडेय की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। यह उपलब्धि न केवल रूपा पांडेय के लिए, बल्कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के लिए भी गर्व की बात है। स्कूल के प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने कहा कि हम अपने छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में मदद करता हो।

## बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बीती रात जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नावाडीह के समीप बाइक से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बंटी सोनी (उम्र 23 वर्ष, पिता संजय सोनी, ग्राम पेठियाबागी, जयनगर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से दुकान से घर जाने के दौरान नावाडीह के समीप जानवर आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके बाद घायल को ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## मांडू में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में बुधवार को प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के दूर दराज से आये करीब 750 लोगों का पंजीकरण कर चिकित्सकों ने स्वास्थ जांच किया गया। साथ ही लोगों के बीच नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। इसके पूर्व स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रमुख चंद्रमनी देवी, आजसू नेता लालचंद महतो,मुखिया अनिता देवी, बैजनाथ राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा, डॉ धर्मेंद्र, डॉ दिलीप कुमार, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सरीश सना, डॉ मनितोष कुमार, डॉ पंचम घासी, डॉ अनुभा कुमारी, डॉ जेनी सिंह, डॉ बीएन दुबे, डॉ राजीव पटेल, डॉ रुबीना अहसन, डॉ अस्वले कविता सुधाकर, डॉ रिप्पी, डॉ संतोष कुमार, डॉ रविन्द्र कुमार समेत अस्पताल के सभी सहिया, सहिया दीदी, बीटीटी और स्वास्थकर्मी मौजूद थे। सीएचसी में आयोजित प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने स्वास्थ जांच करा रहे लोगों से मिले। और मेला में मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर जिला लेखा प्रबंधक भोला शंकर गुप्ता, जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत कुमार मौजूद थे।

## पीवीयूएनएल प्रबंधन से वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा द्वारा घेरा डालो डेरा डालो कार्यक्रम के तहत अनिश्चितकालीन महाधरना प्रदर्शन आंदोलन बुधवार को पीवीयूएनएल मुख्य गेट पर जमा हुए सैकड़ों विस्थापित प्रभावित परिवार ने विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में पीवीयूएनएल लेबर गेट और मुख्य गेट को जाम कर दी और अपना हक कर अधिकार मांगा। लगभग दो घंटे गेट जाम करने के बाद विस्थापित प्रभावीत संघर्ष मोर्चा से पीवीयूएनएल के प्रबंधन और अंचल प्रशासन से वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित की गयी। उसके बाद विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के द्वारा दिये गये सभी मांगों को पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा लिखित रूप से आश्वासन दिया गया। उसके बाद एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा में विस्थापितों को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विस्थापितों के आंदोलन के साथ हमेशा समर्थन में खड़ा रहूंगा। विस्थापितों का आंदोलन का परिणाम है कि विस्थापितों के मांगों को पीवीयूएनएल प्रबंधन द्वारा पूरा किया जा रहा है। मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद ने कहा कि पीवीयूएनएल प्रबंधन भविष्य में अगर विस्थापितों के अधिकार के बारे में विचार नहीं करेगी तो फिर से आंदोलन तेज किया जायेगा। इस मौके पर मोर्चा के राजाराम प्रसाद मुखिया विजय मुंडा, किशोर महतो, ननकू मुंडा, प्रदीप महतो, विजेंद्र मुंडा, बाप्पी मुखर्जी, गणेश ठाकुर सहित सैकड़ों विस्थापित परिवार के महिला और पुरुष मौजूद थे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्वल दास, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा समेत अन्य सभी संबंधित के साथ साथ कक्षा 9 से 12 की प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण बालिकाएं, कबड्डी, ताइक्वांडो, स्केटिंग में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त की बालिकाएं एवं काफी संख्या में सेविका सहायिका, पोषण सखी, पंचायती राज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण, लिंग चयन, और लिंग आधारित हिंसा को पक्षपातपूर्ण व्यवहार की रोकथाम एवं शोषण से मुक्ति, बालिकाओं के अस्तित्व की रक्षा और सुरक्षा, बालिकाओं के पोषण स्तर में सुधार, शत प्रतिशत शिक्षा प्रदान करना है। इस दौरान खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्तिपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने आयोजित सेल्फी अभियान में पहुंच बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर लगाये गये सेल्फी प्वाइंट के साथ फोटो खिंचाया।

## जन शिकायत केंद्र के आयोजन में आधा दर्जन मामलों का हुआ निष्पादन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** डीआइजी के निर्देश पर टंडवा थाना परिसर में जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टंडवा थाना क्षेत्र, व पिपरवार थाना क्षेत्र के थाना संबंधित फरियादियों का आधा दर्जन मामले का निष्पादन किया गया। इस अवसर पर टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी उमेश राम, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा, अंचल निरीक्षक रविषेक कुमार, एनटीपीसी के एचआर अधिकारी निखिल कुमार उपस्थित थे। इसमें डोरी एक्ट, मार पीट, जमीन विवादित, एनटीपीसी में मुआवजा भुगतान, एक ट्रांसपोर्टर हाइवा वाहन मालिकों ने कोयला ढुलाई भाड़ा भुगतान नहीं होने पर सहित आधा दर्जन मामला त्वरित निष्पादित किया गया। थाना प्रभारी उमेश राम ने फरियादियों को कई मामलों को समझा बुझा कर मामले को निष्पादन किया। इस मौके पर राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा, रौशन अंसारी, इदरीश अंसारी, कोयद मुखिया किशुन राम, एस आई रामजी सिंह, उतम कुमारी तिवारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय श्री रानी सती दादी मंदिर का 14वां वार्षिक स्थापना महोत्सव आज

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री रानी सती दादी मंदिर का 2 दिवसीय 14 वां वार्षिक स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसे लेकर दादी जी का दरबार को रंग बिरंगे विदेशी खुशबूदार फूलों से श्रृंगार और पूरे मंदिर परिसर आकर्षक विद्युत सज्जा की जायेगी। उक्त बातें की जानकारी बुधवार को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंचे लोग

# एसपी ने सुनीं जन समस्याएं समाधान का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर रामगढ़ जिले में तीसरी बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बुधवार को छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित इस कैंप में एसपी अजय कुमार ने घरेलू हिंसा के पीड़ितों और जमीन विवाद से परेशान लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने तत्काल संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू हिंसा के पीड़ितों को तत्काल राहत मिलेगी। पुलिस उनके घर जायेगी और प्रताड़ित करने वालों पर शिकंजा कसेगी।

**समस्या समाधान कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंचे लोग :** रामगढ़ जिले में तीन बार जन समस्या समाधान कार्यक्रम का आयोजन हो चुका है। पहली बार 10 सितंबर 2024 को कार्यक्रम हुआ था, जिसमें 193 मामले आये थे। इनमें से 180 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। दूसरी बार 18 दिसंबर 2024 को कैंप लगाया गया, जिसमें कुल 106 मामले आये थे। इनमें से 101 मामलों का निष्पादन हो चुका है। तकनीकी कारणों और दूसरे विभागों से जुड़े होने के कारण शेष मामलों का निष्पादन नहीं हो सका।

**53 में से 11 मामलों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन :** बुधवार को कुल 53 मामले दर्ज किये गये। एसपी अजय कुमार ने सभी स्टॉल में घूम कर डीएसपी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया। उन्होंने ऑन द स्पॉट 11 मामलों का निष्पादन कर दिया। शेष मामलों का निष्पादन जल्द ही करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित पदाधिकारी प्रतिवेदन एसपी को प्रस्तुत करेंगे।



### सीओ से वार्ता कर निबटेगा भूमि विवाद

इसके अलावा जमीन विवाद का निपटारा अंचल अधिकारियों के साथ वार्ता कर किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि इस कैंप में डालसा के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अस्पताल की टीम भी मौजूद है। सभी थाना और ओपी प्रभारी को कैंप में शामिल किया गया है। जिस क्षेत्र की समस्या हो तत्काल उस क्षेत्र के पदाधिकारी से ही उसका निपटारा कराया जाना है, ताकि जनता को तत्काल राहत मिल सके।

# डीटीओ ने चलाया वाहन जांच अभियान गाड़ियों पर ठोका 2.97 लाख का जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर बुधवार को डीटीओ मनीषा वत्स ने ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया। विभिन्न चौक चौराहों पर चलाये गये सघन वाहन जांच अभियान में 2.97 लाख रुपये का जुर्माना गाड़ियों पर ठोका गया है। डीटीओ ने भारी मालवाहक वाहनों और अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण और ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग की जांच की। इस दौरान वाहनों पर लगाये जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गयी।

**चलाया गया सड़क सुरक्षा अभियान :** जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया और दो पहिया वाहनों की भी जांच की गयी। जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गयी। मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना देन। जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें।

### 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाये गये

जांच के दौरान कुल 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गयी। जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाये गये। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गयी। जिसमें लगभग कुल 297507 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट और रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण लगभाग 297507 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## गोविंद बेदिया बने समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशवर यादव उर्फ रंजन यादव ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मसमोहना निवासी सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी गोविंद बेदिया को पार्टी के प्रति कर्मठता और लगनशीलता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें झारखंड प्रदेश का उपाध्यक्ष सह उतरी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी प्रतिनियुक्त करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष केशवर यादव ने बताया कि उतरी छोटानागपुर प्रमंडल क्षेत्र में आने वाले सभी जिलों में जिला अध्यक्ष मनोनीत करने की जिमेवारी गोविंद बेदिया को दी गयीहै। गोविंद बेदिया के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से पार्टी और परिजनों सहित पूरे रामगढ़ जिले में खुशी का माहौल है। मौके पर उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष गोबिंद बेदिया ने कहा कि पार्टी और पार्टी के वरीय पदाधिकारियों ने मुझ पर भरोसा जताते हुए जो जिमेवारी दी है उसे बखूबी निभाते हुए झारखंड में पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा।

# एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर ने सीएन कॉलेज का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** सीएन कॉलेज रामानगर रामगढ़ का 22 बटालियन एनसीसी हजारीबाग के कमांडिंग ऑफिसर करनाल एंटीनो हेनरी ने निरीक्षण किया। इस दौरा प्राचार्य डॉ अवधेश मिश्रा, लेफ्टिनेंट जागेश्वर महतो और प्रो खिरोधर साहू ने भव्य स्वागत किया। जबकि एनसीसी कैडेट ने स्कॉर्ट कर मंच तक लाया गया। तत्पश्चात सोनू प्रजापति, पूजा कुमारी और निशा कुमारी के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वही, शहीद स्थल में शहीदों पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। मौके पर कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी कैडेटस को एकता और अनुशासन को सदैव अपनाने की बारे में बताया। साथ ही, टाइप मैनेजमेंट का ज्ञान दिया। मौके पर एसएम चंद, जेसीओ सुरेंद्र चंदेल, सुरेंद्र सिंह, एनसीसी के दीपक चंद्रवंशी, शीतल कुमारी, कंचन कुमारी के अलाव कई कैडेट्स शामिल रहे।



## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कुंदा (आजाद सिपाही)।** पबुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, अंचलाधिकारी दीपक मिश्रा और चिकित्सा प्रभारी संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर 510 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। लोग शिविर में पहुंच कर स्वास्थ जांच कराकर नि:शुल्क दवा प्राप्त किये। शिविर में बीपी, सुगर, मलेरिया, नेत्र जांच, समेत अन्य कई बीमारियों की जांच की गयी। मौके पर डी पी एम अनिल बारला, डीडीएम पोखराज कुमार, बी पी एम जयंत कुमार, बी डी एम सुमित कुमार, स्टोर कीपर संजय कुमार, सभी एक ओ, जी एन एम, एसटीएस, एम पी डब्लू, एल टी मौजूद थे।

## लंबित अबुआ आवास की राशि को लेकर मुखिया में आक्रोश

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड मुखिया संघ की बैठक खूंटीकेवाल पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने किया। इस बाबत मुखिया संघ के उपाध्यक्ष योगेंद्र यादव और सचिव सोनी देवी ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास का आवंटन सभी पंचायत में किया गया है, लेकिन लाभुक किस्त की राशि के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। मुखिया संघ ने रोष जताते हुए बीडीओ और उपायुक्त से मांग की है कि जल्द से जल्द लाभूकों को राशि का भुगतान किया जाये ताकि अबुआ आवास बना रहे गरीब व्यक्ति अविलंब अपना आवास का काम पूरा कर सकें। इस मौके पर मनोज पासवान, दिलीप दास, राम बाबू, बृजकिशोर सिंह, दूधनाथ यादव, अजय कुमार मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस पर 16 विभाग निकालेंगे झांकी

### कार्यक्षेत्र से हटकर विकास कार्य में शामिल संस्था और व्यक्ति होंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में 76वें गणतंत्र दिवस की तैयारी पूरी कर ली गयी है। बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने तैयारी के मद्देनजर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान यह स्पष्ट हो गया कि गणतंत्र दिवस पर सिदो-कान्हो मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 16 विभागों के द्वारा झांकी निकाली जायेगी। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, वन प्रमंडल रामगढ़, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, जिला खनन विभाग, टिस्को वेस्ट बोकारो, जेएसएलपीएस, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय और पर्यटन विभाग द्वारा झांकी निकाली जायेगी।



गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोगों को सम्मानित किया जायेगा जो कार्य क्षेत्र से हटकर विकास कार्य में शामिल हैं। डीसी ने बताया कि कई ऐसी संस्थाएं हैं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया है। उन्हें 'रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार' से सम्मानित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। डीसी ने सिविल सर्जन को कार्यक्रम के दौरान मैदान में एंबुलेंस और चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया।

**शराब की दुकान रहेगी बंद:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 10:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओं और बधशालाओं को बंद रखने का निर्देश दिया गया है।

**झंडोत्तोलन के लिए निर्धारित हुआ समय:** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो-कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। डीसी कार्यालय में प्रातः 10:45 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 11:10 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 11:15 बजे और पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।

## पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कुरसे गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सोमवार से चल रहे तीन दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, हवन, पंचांग पूजन, संध्या आरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बुधवार को संपन्न हो गया। इस दौरान यज्ञ मंडप की परिक्रमा के सुबह से श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। इससे पूर्व पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पंचांग पूजन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। हवन और पंचांग पूजन में सोमी सिंह, भीम सिंह, बबिता, राकेश सिंह, राजकपूर सिंह, महेश सिंह, प्रभा देवी, पूजा सिंह, भीम सिंह, ममता देवी, निरंजन सिंह, लीलावती देवी, विनोद करमाली, भुनेश्वरी देवी सपत्नी शामिल हुए। गायत्री पीठ के पुजारी रामपुकार शर्मा, भोलानाथ गोस्वामी, हुलाशा प्रसाद, अंजनी कुमार सिंह, माधुरी देवी, चिंता देवी, नवीनता देवी और अवधेश सिंह के देखरेख में महायज्ञ का समापन हुआ। पूजा-अर्चना के दौरान ऊ नम: शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालु भी भक्ति के सागर में डुबे रहें। आयोजन समिति ने बताया 23 जनवरी को भंडारा का आयोजन होगा। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सोमी सिंह, सचिव लीलावती देवी, कोषाध्यक्ष बबिता देवी, ममता देवी, पंकज सिंह, राणा प्रताप सिंह, फुलेश्वर राम, महेश सिंह, छोटू प्रजापति, राजकपूर सिंह, सचिन साहू, जयलाल सिंह, सोमी देवी, कबिता देवी, बबिता देवी, मोनिका देवी, गायत्री देवी, संजय यादव, संतोष यादव, पूर्व मुखिया रामदास बेदिया, आजसू जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी, शंकर मुंडा, मोनिका देवी, जनार्दन मुंडा, किरण देवी, रेखा देवी, पैरवी देवी अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीजीएम ने गुरुद्वारा साहिब में टेका मत्था

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में भारतीय स्टेट बैंक के बिहार झारखंड के सर्किल हेड के वी बंगाराजू बुधवार को गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। वही, गुरुद्वारा साहिब के सिख संगत की ओर से के वी बंगाराजू को कृपाण भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के डीएम विजय कुमार, रीजनल मैनेजर प्रसून कुमार, भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ शाखा के चीफ मैनेजर पुनाश्री शामिल थे। वही रामगढ़ गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा की ओर से सभी सम्मानित अधिकारियों का सरोपा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मनमोहन सिंह लांबा, हैप्पी छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजिंदर सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, ब्रह्म भसीन, मनपाल सिंह सोनी, पी पी छाबड़ा, स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर, मनवीर कौर सोनी, जसमीत सोनी, अमनप्रीत कौर, सोनम कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा आदि मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 508 date 21.01.2025, I Shanta Bala Kumar W/o Late Haladhar Kumar Resident of Village Adardih, Po.- Adardih, P.s- Nimdih, Dist.- Saraikela, Kharsawa (Jharkhand) Pincode- 832401, Do Hereby solemnly affirm state as follows :- 1. That I am an indian citizen by birth. 2. That i am permanent of above address. 3. That my actual and Geniun Name is Shanta Bala Kumari .4.That my name mentioned in Aadhar Card is Shanti Bala Devi. 5. That Shanta Bala Kumari and Shanti Bala Devi is same and one person who is myself. 6. That I am also know shanti Bala Devi. 7. That I am swearing this affidavit purpose of name correction. 8. That the statement made her in above are true to the best of my knowledge and belief.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 17692 date 08.01.2025,I, VIJAY KUMAR S/o Raju Bhuiyan, Date of Birth-20/05/2000, by Faith-Hindu, by Occupation-Agriculture, by Nationality-Indian, R/o Vill-Datma Bhuiyan Toli, PO-Topa, PS-Mandu, Dist-Ramgarh (Jharkhand)-825330 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That my actual & correct name is VIJAY KUMAR which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No.- 2614 2315 5612.
2. That due to mistake my name has been mentioned as VIJAY BHUYIA in my Bank of India Branch Topa bearing Account No.- 486810510000807.
3. That VIJAY KUMAR & VIJAY BHUYIA both name are same and single Person i.e. myself
4. That I want to rectify my correct and actual Name VIJAY KUMAR in place of VIJAY, BHUYIA in my Bank of India Branch Topa bearing Account No.-48680510000807.
5. That this affidavit is required for authority concern for doing needful. 6. That above statement made by are genuine & correct.

**शिक्षकों की आवश्यकता**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत **यदुनाथ- संस्कृत- महाविद्यालय**, अनुगोल में शिक्षकों की आवश्यकता है।
**विज्ञापन संख्या:**-१/२०२५
**विषय** - संस्कृत साहित्य -२, संस्कृत दर्शन -२
**शैक्षिक योग्यता** - राज्य सरकार / यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि (Ph-D/M-phil/NET) धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को अग्राधिकार दिया जाएगा।
**आयुसीमा** - 25 से 38 तक
**मानदेय** - रु. 20,000/- प्रतिमाह
**नोट** - अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान-पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर महाविद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 10.02.25 सायं 5:00 बजे तक प्रेषित/ प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

**प्राचार्य**
**यदुनाथ- संस्कृत- महाविद्यालय, अनुगोल, ओडिशा,**
**पिन**-७५९१२२,
**ई-संकेत**-jnscangul@gmail.com
**दूरभाष**-9437831500,9861373077

**घोषणा पत्र**

कार्यपालक दण्डाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दिनांक 27.01.2025 को शपथ लेते हुए घोषणा करता हूं कि - 1. मैं सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री मुखलाल प्रसाद निवासी साकिन- महेशपुर, पो०- डोमचाँच, थाना- डोमचाँच, जिला- कोडरमा, राज्य झारखण्ड, आधार संख्या- 8775 1095 4334 का धारक हूँ :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ। 2. यह कि सुजल प्रसाद मेरा पुत्र है उसका आधार नं0 9674 5460 5014 है। यह कि मेरा पुत्र सुजल प्रसाद की जन्म तिथि 15.04.2007 है परन्तु आधार कार्ड में भूलवश 01.01.2005 अंकित हो गया है। 3. यह कि मेरा पुत्र का सही नाम उसके स्कूल सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण पत्र में सुजल प्रसाद है परन्तु आधार कार्ड में सुजल कुमार हो गया है जो गलत है सही नाम सुजल प्रसाद ही है। 4. यह कि मैं घोषणा करता हूँ कि आधर नामांकण के समय मैनें कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया था तथपि यदि कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया गया था वह अपडेशन के समय प्रस्तुत किए गए दस्तावेज से भिन्न है।
2. कृपया () करें

| क्र. सं | विवरण | लागु |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तुत जन्मतिथि अपडेशन अनुरोध प्रथम बार हैं | |
| 2. | प्रस्तुत जन्मतिथि अपडेशन अनुरोध द्वितीय (अथवा अधिक) बार है। | ✓ |
| 3. | आधार में दर्ज वर्तमान जन्मतिथि स्वघोषित / अनुमानित थी, जो सत्यापित नहीं थी। | ✓ |
| 4. | आधार में दर्ज वर्तमान जन्मतिथि सत्यापित थी, जो स्वघोषित / अनुमानित नहीं थी। | |

3. यह कि अधोहस्ताक्षरी वचन देता है कि यदि जन्मतिथि अपडेशन अनुरोध दे समय प्रस्तुत दस्तावेज के फर्जी / गलत / नकली पाया जाता है तो आधार (नामांकन एवं अपडेशन) अधिनियम, 2016 के नियम 28 के तहत संबद्ध आधार को निष्क्रिय किया जा सकता है।

मैं घोषण करता हूं कि उपरोक्त सभी सूचनाएँ मेरी जानकारी एंव विश्वास के अनुसार सत्य हैं । यदि इनमें कोई विसंगति पाई जाती है, तो अधोहस्तक्षरी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। नियमानुसार दण्ड के भागीदार होंगे ।

# ट्रंप की सरकार


डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। इसके साथ ही ट्रंप एक के बाद एक धड़ाधड़ फैसले भी लेते जा रहे हैं। इनमें एक बड़ा फैसला है अमेरिका का डब्ल्यूएचओ से बाहर निकलना। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ ट्रंप के इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भविष्य में अमेरिका के लिए मुश्किल खड़ी करेगा और अगली महामारी से लड़ाई में मुश्किल भी आयेगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर जाने का ट्रंप का यह फैसला बहुत चौंकाने वाला नहीं है। वह साल 2020 से ही इस एजेंसी पर हमलावर रहे हैं। तब उन्होंने कोरोना वायरस पर डब्ल्यूएचओ की अप्रोच की आलोचना की थी। इतना ही नहीं, ट्रंप ने अमेरिकी फंडिंग रोकने तक की धमकी दे डाली थी। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा है कि वह एक बार फिर देश को ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकालेंगे। उनकी इस घोषणा से वैश्विक तापमान वृद्धि से निपटने के लिए दुनिया भर के प्रयासों को झटका लगेगा और एक बार फिर अमेरिका अपने सबसे करीबी सहयोगियों से दूर हो जायेगा। अमेरिका के डब्ल्यूएचओ छोड़ने के कई नुकसान भी होंगे। इनमें से एक यह है कि इस फैसले के बाद देश की रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के पास एजेंसी द्वारा जारी होने वाला वैश्विक आंकड़ा नहीं रहेगा। साल 2020 में जब चीन ने कोरोना वायरस का जेनेटिक सीक्वेंस किया था, तो उसने यह जानकारी डब्ल्यूएचओ को दी थी। इसके बाद इस जानकारी को अन्य देशों के साथ साझा किया गया था। हाल ही में डब्ल्यूएचओ महामारी संधि को लेकर अमेरिका में कंजर्वेटिव्स के निशाने पर आ गया था। इस संधि का मकसद महामारी के दौरान तैयारी, बचाव और बीमारी फैलने के आंकड़ों की जानकारी साझा करना और वैक्सीन के लिए स्थानीय निमार्ताओं के साथ मिल कर सप्लाई चेन बनाना था। हालांकि पिछले साल यह बातचीत बंद गयी थी, क्योंकि कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने इसे अमेरिकी संप्रभुता के लिए खतरा बताया था। डब्ल्यूएचओ यूनाइटेड नेशंस की एजेंसी है, जिसकी स्थापना साल 1948 में अमेरिका की मदद से हुई थी। इसकी वेबसाइट के अनुसार, इसका मिशन हमारे समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना है। साथ ही दुनिया में लोगों की भलाई के लिए काम करना है। इसमें गाजा जैसे युद्धग्रस्त क्षेत्रों में सहायता पहुंचाना और जीका, इबोला और कोविड-19 जैसी उभरती महामारियों पर नजर रखना शामिल है। डब्ल्यूएचओ का वार्षिक बजट लगभग 6.8 बिलियन डॉलर है। इसमें अमेरिका ने आम तौर पर एक बड़े हिस्से का योगदान दिया है। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के स्वास्थ्य कानून विशेषज्ञ लॉरेंस ओ गोस्टिन ने संधि पर बातचीत करने में मदद की थी। उन्होंने कहाकि डब्ल्यूएचओ से अमेरिका का हटना, आम लोगों के लिए ठीक नहीं होगा।

**डब्ल्यूएचओ यूनाइटेड नेशंस की एजेंसी है, जिसकी स्थापना साल 1948 में अमेरिका की मदद से हुई थी। इसकी वेबसाइट के अनुसार, इसका मिशन हमारे समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी।**

# सुभाष चंद्र बोस: पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत



**गजेंद्र सिंह शेखावत**



**नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ.एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नजरबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ.एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और जरूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।**

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

**पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है।**

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आइएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो। सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आइसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज' नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ.एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नजरबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ. एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और जरूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।

उन्होंने घोषणा की, मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा, यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आजादी के लिए सिर्फ. शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आइएनए) के निर्माण के जरिए हो या आजाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के जरिए, बोस ने दिखाया कि आजादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की जरूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताये, उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।

यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

नेताजी ने आइएनए के भीतर झांसी की रानी रेजिमेंट का गठन करके नारी शक्ति के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट, जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श प्रधानमंत्री के भारत के विजन में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहां महिलाएं देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं।

पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहां उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है।

एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। आइए हम एक उज्ज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ायें।

**(लेखक : केंद्रीय संस्कृति मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# गोलमुरी कांग्रेस कमेटी ने निकाली जन चेतना यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




जमशेदपुर। गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में बाडीडीह चौक से जन चेतना पदयात्रा का आयोजन किया गया।बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे शामिल हुए।मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सैकड़ो कार्यकर्ताओ संग बारीडीह चौक से महापुरुषों की तख्ती व कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर संविधान रक्षा का नारा लगाते हुए पदयात्रा में निकले। मौके पर कांग्रेसियों ने जय बापू जय अंबेडकर का उद्घोष किया।साथ ही पदयात्रा कर जनता को संविधान की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान एग्रीको सिग्नल पहुंच कर पदयात्रा सभा में तब्दील हो गयी। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा देश के स्वतंत्रता सेनानी व पूर्वजों ने भारत के संविधान की रचना की थी।वर्तमान में केंद्र के मोदी सरकार द्वारा संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने कहा आम जनता को यह बात समझना होगा। हमारे पूर्वजों ने सीने में गोलियों खाकर,अपने को बलिदान देकर, अंग्रेजों से अनेको प्रताड़ना सह कर भारत को आजादी दिलायी और हमें स्वतंत्र कराया। संविधान के साथ छेड़छाड़ करना कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश सचिव सामंता कुमार ने कहा पूरा देश पूरा राष्ट्र वर्सो से संविधान के नीति पर ही चल रही है। इसे बदलना या इससे छेड़छाड़ करना कभी भी हितकर नहीं होगा।उन्होंने कहा इसके लिए हर शिक्षित,समझदार व आम जनता को आगे आना होगा। संविधान की रक्षा करना हम सबों का परम कर्तव्य है। कांग्रेस पार्टी देश मे संविधान की रक्षा के लिए राष्ट्र स्तर, प्रदेश स्तर,जिला स्तर, प्रखंड स्तर व मंडल स्तर तक पदयात्रा कर अभियान चला रही है। ताकि जन जन को एकजुट कर संविधान की रक्षा कर सके। वही कांग्रेस नेता अखिलेश सिंह यादव ने कहा आज संविधान का ही देन है संपूर्ण देश को एक सूत्र में पिरोया जा सका। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली,अरूण कुमार सिंह, अखिलेश यादव,रजनीश सिंह, मोहन लाल बनर्जी,रविंद्र मौर्या, अरूण बारीक,विनोद यादव, संजय घोष,सुब्रतो दास, अभिजीत बनर्जी,मनोज उपाध्याय,रामलाल प्रसाद पासवान, गुरुपदो गोराई, इंदु देवी,आरा देवी,सुमन यादव, शुभम सिंह, रजिन्दर मुखी सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल रहे।

# भाजपा सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में भाजपा के सदस्यता अभियान को व्यापक बनाने की तैयारी जारी है।सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा नेताओं के द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। बुधवार को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भाजपा के वरीय नेता, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्षों, सदस्यता अभियान के जिला व मंडल टोली के सदस्यों के साथ बैठक की। साकची जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांसद विद्युत महतो, पुर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू शामिल हुए। मौके पर नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने महानगर में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की।उन्होंने अभियान को बूथ स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सदस्यता अभियान सभी बूथों पर सक्रिय रूप से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आगामी 23 से 25 जनवरी तक सभी बूथों पर तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा।अभियान के निमित्त संपर्क में सभी नेताओं और कार्यकताओं की सामूहिक जिम्मेदारी होगी। सभी बूथ पर लोगों को पार्टी की नीति,सिद्धांत व रीति से जोड़ते हुए उन्हें प्राथमिक सदस्य बनाया जाएगा।वहीं महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा मंडल अधीन सभी केंद्रों पर एक संयोजक व दो सह संयोजकों की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया निर्धारित समयावधि के अंदर सदस्यता अभियान में तय लक्ष्य की प्रप्ति कर ली जाएगी।मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा ने किया।मौके पर प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, डॉ राजीव,देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा,रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव,दिनेश कुमार, मनोज सिंह,राजन सिंह, जटाशंकर पांडेय,अप्पा राव,संजीव सिन्हा,बबुआ सिंह, राजीव सिंह,अनिल मोदी,पप्पू सिंह,विजय तिवारी,मिली दास, कृष्णा शर्मा काली,प्रेम झा, बिनोद कुमार सिंह,अमित सिंह, उज्ज्वल सिंह,मुचिराम बाउरी, सागर राय, मंजीत सिंह, रमेश बास्के, पोरेश मुखी समेत सभी मंडलों के अध्यक्ष व सदस्यता अभियान टोली के सदस्यगण मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स ज्वाइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स प्रबंधन व यूनियन के सहयोग से प्लांट के अंदर की समस्याओं को दूर करने और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक वातावरण कायम करने के लिए ज्वॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल का गठन किया गया। जॉइंट मैनेजमेंट काउंसिल में अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, कोषाध्यक्ष एम के सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संयुक्त महामंत्री हरदीप सिंह सैनी, संयुक्त महामंत्री अजय भगत, उपाध्यक्ष शिवनारायण सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं। मौके पर एपेक्स लेबल कमेटी का भी गठन किया गया। एपेक्स लेबल प्लांट सेफ्टी कमेटी में मनोज कुमार सिंह, अशोक कुमार उपाध्याय, सिंटू कुमार, रवि कुमार जायसवाल, नवीन कुमार चंद्रकांत सिंह, अरविंद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार दास,दीपक दास, मेडिकल एडवाइजरी कमेटी में हरदीप सिंह सैनी,शिव नारायण सिंह, प्रकाश कुमार विश्वकर्मा, पवन कुमार सिंह,राकेश रोशन दुबे, नवीन कुमार, संतोष कुमार जायसवाल, प्लांट हेल्थ एंड वैलनेस कमेटी में हरदीप सिंह सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार सिंह, नवीन कुमार, मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमेटी में अनिल कुमार शर्मा, अजय भगत, हरदीप सिंह सैनी, अमित कुमार, प्रदीप कुमार दास, मनोज कुमार शर्मा, जनरल वेलफेयर कमेटी में अनिल कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, शिवनारायण सिंह,पवन कुमार सिंह, प्रकाश कुमार विश्वकर्मा, कैंटीन मैनेजिंग कमेटी में मनोज कुमार सिंह, अजय भगत, शिवनारायण सिंह, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार दास,नवीन कुमार, इंप्लाई बस ट्रांसपोर्ट कमेटी में मनोज कुमार, अमित कुमार, राकेश रोशन दुबे,पवन कुमार सिंह, कामेश्वर प्रसाद शर्मा भारती रानी, लीव बैंक कमेटी में विनोद कुमार शर्मा, एचएस सैनी, प्रकाश विश्वकर्मा यूनियन प्रतिनिधि के रूप कार्य करेंगे। इसके अलावे 16 जेडीसी जॉइंट डिविजनल काउंसिल कमेटी बनी। जिसमें विभिन्न डिवीजन के कमेटी मेंबर व पदाधिकारी शामिल होंगे। डिवीजन लेवल की सारी समस्या जेडीसी स्तर पर निपटारा करने की योजना बनी है। इसके साथ टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में प्रवक्ता के रूप में नवीन सुलंकी, अंजय कुमार व दीपक कुमार को मनोनित किया गया।

# आजसू नेता को अवैध खनन मामले में पुलिस ने पकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले में ईचागढ़ के प्रत्याशी रहे आजसू नेता हरेलाल महतो को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूत्र की माने तो आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरिलाल महतो का नीमडीह थाना में अवैध खनन को लेकर विभिन्न धाराओं पर दर्ज मुकदमे की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। अभियुक्त पर आरोप है वे उक्त मामले में शुरू से कोर्ट की अवमानना करते आये हैं। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर हरे लाल महतो को गिरफ्तार किया गया। हालांकि जेल भेजे जाने को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। जेल भेजने की खबर उनके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से समर्थकों को दी गयी थी।

# जुगसलाई विधायक ने झारखंड आंदोलनकारी सुधीर महतो की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह झारखंड आंदोलनकारी स्व.सुधीर महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बुधवार को श्रद्धांजलि सभा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, इचागढ़ विधायक सविता महतो सहित सैकड़ो झामुमों नेताओ ने स्व.सुधीर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर विधायकगण, झामुमों नेता व कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन कर उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके सपनों को साकार करने की प्रतिबद्धता जतायी। इस अवसर पर झारखंड राज्य के विकास व आदिवासी समाज के उत्थान में सुधीर महतो के योगदान को सभी के सराहा।

**सुधीर महतो झारखंड आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे : मंगल कालिंदी**

मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा स्व. सुधीर महतो ने झारखंड राज्य के गठन व समाज में विकास के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। विधायक ने कहा उनके द्वारा किए गए कार्य का आज भी लोग याद करते हैं। इस अवसर पर सैकड़ो झामुमो समर्थकों व आम लोगो ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीटपी में निर्माणाधीन घर से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के बीटपी गांव में निमार्णाधीन आवास के छज्जा में रेलिंग जुड़ाई करने के दौरान राजमिस्त्री की गिरकर मौत हो गयी। मृतक राजमिस्त्री की पहचान बीटपी गांव निवासी बासु उरांव के पुत्र चंपा उरांव (35 वर्ष) के रुप में हुई है। जबकि दो अन्य मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गये हैं। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने चंपा उरांव को मृत घोषित कर दिया है। जबकि दो अन्य मजदूर बीटपी गांव निवासी राजेंद्र उरांव के पुत्र अर्पण उरांव (22 वर्ष) व एतवा उरांव के पुत्र राजू उरांव (35 वर्ष) को गंभीर चोटें आयी है। जिसमें राजू उरांव का एक हाथ टूट गया है। जिसे सदर अस्पताल रेफर किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बीटपी गांव में राजू उरांव का घर निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसमें छज्जा में रेलिंग जुड़ाई कार्य चल रहा था। इसी दौरान छज्जा ध्वस्त हो गया। इससे सभी मजदूर नीचे गिर गये। जिसमें चंपा उरांव दब गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इधर घटना के बाद भंडरा थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गयी है।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में समस्याओं के निदान का आश्वासन

**कार्यक्रम में आइजी असीम विक्रांत मिंज हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले के नगर भवन में झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर लोहरदगा पुलिस की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जोन के आइजी असीम विक्रांत मिंज शामिल हुए। जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बीन जमा के साथ लोहरदगा पुलिस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में जिले भर के फरियादी अपनी फरयाद लेकर पहुंचे और मौखिक और लिखित रूप से शिकायत दर्ज करायी। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी शिकायत अधिकारियों के समक्ष दर्ज करायी और उसे त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभाग और थानों को निर्देश भी दिया। लोगो की समस्या को त्वरित निपटारा के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन जिले के साथ साथ सभी थानों क्षेत्र में किया जा रहा है ताकि लोग अपनी शिकायत ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से दर्ज करा सके। कार्यक्रम को लेकर आइजी असीम विक्रांत मिंज ने कहा यह कार्यक्रम लोगो के लिए है और उनके शिकायत के समाधान के लिए किया जा रहा कार्यक्रम राज्य सरकार और झारखंड पुलिस की एक अच्छी पहल है। जिससे लोगों को लाभ होगा और उनके शिकायत पर त्वरित करवाई की जायेगी। पहले भी यह कार्यक्रम हो चुकी है जिसमे लोगो की शिकायत मिली थी। उसमे आधे से ज्यादा मामलों का निपटारा किया गया है और कार्यक्रम के माध्यम से और लोगो का शिकायतों को निपटारा किया जायेगा। इसमें शिकायतकर्ता को पुलिस की ओर से फोन जायेगी। जिसमें केस को लेकर सभी तरह की जानकारी दी जायेगी।

# बरही में अधेड़ का शव कुएं से बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बरही ग्राम स्थित कुएं में शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। वही पुलिस शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज अस्पताल भेज दिया। घटना बरही चकरपुर ग्राम स्थित विद्यालय के पीछे स्थित लखन महतो का कुआं में अज्ञात शव देखने के बाद ग्रामीणों द्वारा सेन्हा थाना प्रभारी अजीत कुमार को सूचना दिया गया। सूचना सत्यापन के पश्चात थाना प्रभारी के निर्देश पर एसआइ मनीष कुमार महतो घटना स्थल पहुंच तैरता शव को कुएं से निकलवा कर आस पास के लोगों से पहचानी कराया। वही ग्रामीणों से शव की पहचानी करवाया गया तो पता चला कि कुएं से बरामद शव भंडरा थाना क्षेत्र के बड़का अंबेरा ग्राम निवासी स्व कुंदिया उरांव का 59 वर्षीय पुत्र रमेश उरांव का है। जिसकी सूचना परिजनो को दिया गया। घटना स्थल पर परिजन पहुंच बताया कि भंडरा थाना में 18 जनवरी 2025 को गुमशुदा का आवेदन देते हुए अवगत कराया था कि रमेश उरांव 16 जनवरी 2025 से लापता है। जो कि लापता अधेड़ व्यक्ति का शव बरही चकपुर स्थित कुएं से मिला है। परिजनो ने पुलिस को बताया कि मृतक रमेश उरांव शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति था। घर से निकल कर एक दो बार इधर उधर चला गया था। एसआइ मनीष कुमार महतो ने मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। इस संदर्भ में पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टिया कुएं में डूबने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु होने की सही जानकारी हो पायेगी।

# लोहरदगा में गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों के समय में बदलाव

**बीएस कॉलेज स्टेडियम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की करेगी झंडोत्तोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा की अध्यक्षता में हुए विचार-विमर्श उपरांत गणतंत्र दिवस 2025 के दिन लोहरदगा जिला में बीएस कॉलेज में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह, महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और विभिन्न कार्यालयों में होने वाले झंडोत्तोलन के समय बदलाव किया गया है। संशोधित समयानुसार अब सुबह 7 बजे उपायुक्त आवास में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। इसके बाद नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा में अवस्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण सुबह 7.20 बजे से 7.50 बजे तक किया जायेगा। समाहरणालय परिसर लोहरदगा में उपायुक्त लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 10.15 बजे किया जायेगा। उपायुक्त लोहरदगा द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन सुबह 11 बजे किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में सुबह 10.20 बजे और पुलिस लाइन में सुबह 11.15 बजे किया जायेगा। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा पुराना डीआरडीए कार्यालय में सुबह 10.25 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। जिला परिषद कार्यालय प्रांगण में जिला परिषद अध्यक्ष, लोहरदगा द्वारा सुबह 10.30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। अनुमंडल कार्यालय लोहरदगा में सुबह 10.35 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा झंडोत्तोलन किया जायेगा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा सुबह 10.40 बजे एसडीपीओ कार्यालय लोहरदगा परिसर में झंडोत्तोलन किया जायेगा। उप विकास आयुक्त लोहरदगा द्वारा केंद्रीय विद्यालय बरही लोहरदगा में झंडोत्तोलन किया जायेगा।

बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा झंडोत्तोलन सुबह 8.30 बजे किया जायेगा। मुख्य अतिथि का सैल्युटिंग बेस पर आगमन सुबह 8.15 में होगा। कार्यक्रम में झांकी व अन्य कार्यक्रम भी होंगे। इसके उपरांत पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया जायेगा।

# कुडू में बाइक दुर्घटना में युवक घायल



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू - लोहरदगा मुख्य पथ कड़ाक गांव के समीप बुधवार को हुइ बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के चिरी गांव निवासी सददाम हुसैन 37 वर्ष पिता स्व इस्लाम अंसारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक अपनी बाइक से कुडू जा रहा था। इसी क्रम में कड़ाक गांव के समीप बाइक का डिस्क ब्रेक लॉक हो गया जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। और उसका दोनों हाथ टूट गया। घायल युवक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया।

# एक बार फिर से भंडरा की प्रमुख बनी बरिया देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



भंडरा। भंडरा प्रखंड में बुधवार को एक बार फिर से बरिया देवी ने प्रमुख का पदभार ग्रहण किया है। बता दें कि भंडरा प्रखंड में प्रखंड प्रमुख बरिया देवी के कार्य प्रणाली से नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों ने विगत 12 फरवरी 2024 को अविश्वास प्रस्ताव पारित कराया था। इसके बाद प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने 12 फरवरी 2024 को पारित अविश्वास प्रस्ताव की न्यायसंगतता को राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड रांची में 20 फरवरी 2024 को आवेदन देकर चुनौती दी गयी थी। जिसके उपरांत भंडरा प्रखंड में 12 फरवरी 2024 से 12 सितंबर 2024 तक प्रखंड प्रमुख का पद रिक्त था। इसके बाद उप प्रमुख राजमनी उरांव को प्रमुख पद का पदभार सौंपा गया था। इस दौरान प्रखंड प्रमुख बरिया देवी द्वारा न्यायालय, राज्य निर्वाचन आयुक्त, झारखंड में दिए चुनौती में न्यायालय ने पीठासीन पदाधिकारी, पंचायत समिति सह अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को नियमावली के उक्त प्रावधनों के दृष्टिगत चूंकि कोरम पूरा नहीं होने को लेकर अविश्वास प्रस्ताव अपेक्षित सदस्यों के उपस्थिति नहीं होने के कारण निरस्त माने जाने की बात अंकित की है।

# बीडीओ ने भीठा का भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को प्रखंड के भीठा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया एवं पंचायत में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। वहीं मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली, साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। वहीं पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास व बागवानी का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया साथ हीं आवास लाभुको को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है उन्हें एक सप्ताह के अंदर फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सहित पंचायत स्वयंसेवक को मिलकर निर्माण का शीघ्र पूरा कराने को कहा. निरीक्षण के क्रम मे बीडीओ ने मकुन्दा व कचमची मे बन रहे हैंडवाश यूनिट की जाँच की गई.कनिय अभियंता को कार्य मे सुधार लाने लिए कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

# पार्टी हित के लिए सदस्यता अभियान में जुड़ रहे हजारों लोग : सचिन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा रविवार को हरमू चौक नदिया, पावर गंज हरिजन स्कूल, इमली चौक, जेल खाना कुटुमू में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारतीय जनता पार्टी में जोड़कर देश हित के कार्य के लिए प्रेरित करना भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान एक महा अभियान की तरह लोहरदगा जिला में मनाया जा रहा है। इस अभियान के अवसर पर पार्टी हित के लिए लोग हजारों की संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ये अभियान प्रतिदिन लोगों के बीच चलाया जा रहा है। मौके पर आर्यन साहू, आकाश वर्मा, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, मनीष कुमार, गोपाल प्रसाद एवं अन्य लोग शामिल थे।

# ईंट भट्ठा संचालन के लिए खनिज लाइसेंस, पर्यावरणीय स्वीकृति और परिवहन परमिट अनिवार्य : खनन पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने ईंट भट्ठा मालिकों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य खनन गतिविधियों को नियमबद्ध करना, जिले के राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित करना और ईंट भट्ठा मालिकों को लाइसेंस प्रक्रिया के महत्व से अवगत कराना था। बैठक में खनन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ईंट भट्ठा संचालन के लिए खनिज लाइसेंस, पर्यावरणीय स्वीकृति, और खनिज परिवहन परमिट प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि लाइसेंस प्रक्रिया का पालन न करने से कानूनी कार्रवाई हो सकती है, जिससे न केवल व्यवसाय प्रभावित होगा बल्कि सरकारी राजस्व का भी नुकसान होगा। सभी भट्ठा मालिकों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया कि उनके पास संचालन से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज हों। लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवेदन और स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तेज करने की योजना बनायी है।

डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि खनिज क्षेत्र जिले के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत है। समय पर रॉयल्टी और अन्य करों का भुगतान जिले के विकास कार्यों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सभी ईंट भट्ठा मालिकों को अपने व्यवसाय को पूरी तरह से वैध बनाना चाहिए और सरकार के निर्धारित शुल्क का ईमानदारी से भुगतान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इससे सरकार के राजस्व को भी भारी क्षति होती है। जिला प्रशासन अब अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखेगा। बैठक के दौरान ईंट भट्ठा मालिकों ने कच्चे माल की कमी, परिवहन लागत, और लाइसेंस प्रक्रिया में देरी जैसी समस्याओं को उठाया। खनन पदाधिकारी ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया और भरोसा दिलाया कि प्रशासन इन समस्याओं को हल करने के लिए सक्रिय कदम उठायेगा।

बैठक में पर्यावरणीय प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। भट्ठा मालिकों को प्रदूषण कम करने के लिए नवीनतम तकनीक अपनाने की सलाह दी गयी। साथ ही, खनन गतिविधियों से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को रोकने के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिये गयी।

# 10 से 25 फरवरी तक चलेगा एमडीए कार्यक्रम



**10 फरवरी को बूथ पर और बाकी दिनों में दवा प्रशासक सहिया द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलायी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त करने के लिए बीएलटीएफ की बैठक का आयोजन प्रखंड कार्यालय भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आकाश कुमार की देखरेख में बुधवार को किया गया। बीडीओ ने पिछले साल की भूमियों को चिन्हित कर टीमवर्क के साथ पूरी तरह एक्टिव रहते हुए कार्य करने का निर्देश सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दिया। बताया गया कि एमडीए कार्यक्रम 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। जिसमें 10 फरवरी को बूथ पर और बाकी दिनों में दवा प्रशासक सहिया द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। इसके लिए 108 बूथ और 17 सुपरवाइजर एवं एक मेडिकल टीम कार्यरत रहेंगे। एमडीए को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए आईसीडीएस और शिक्षा विभाग की भूमिका को हम बताया गया है वहीं स्कूल के बच्चों के माध्यम से प्रभात फेरी निकालकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इसमें एक साल से नीचे एवं गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलाया जायेगा। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आकाश कुमार, वीबीडी कंसलटेंट रजनी लकड़ा, प्रशांत, मेरी बेक, रामकुमार महतो एमटीएस इंचार्ज, बेबी कुमारी बीआरपी, ताजे उरांव एमपीडब्ल्यू, राजेश्वर तिर्की, नौशाद आदि लोग उपस्थित थे।

# झामुमो का सदस्यता अभियान सफल बनायें : बैद्यनाथ राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार के माको डाक बंगाल में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया। वही बैठक की मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम शामिल हुए। श्री राम ने कहा कि राज्य में 18 जनवरी से सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी है और 45 दिनों तक चलेगी। जिसमे अधिक से अधिक अभियान चला कर पार्टी कार्यकर्ता बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी पार्टी के लिए सदस्यता अभियान प्रमुख कार्य होता है। इसे देखते हुए यह कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। बैठक के माध्यम से सदस्यता अभियान को कैसे बेहतर किया जा सके, इसकी रणनीति बनायी जा रही है। संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि सदस्यता अभियान के बाद केंद्रीय महाअधिवेशन का आयोजन किया जायेगा। इस अधिवेशन में लातेहार जिले की दमदार उपस्थिति होगी। बैठक में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिप सदस्य विनोद उरांव, समशूल होदा, मनोज चौधरी, रिंकू कच्छप, कामेश्वर भोक्ता, मोहन कुमार गंझू, महबूब आलम, शशिभूषण तिवारी, धीरेंद्र सिंह, रामसहाय उरांव, रीना उरांव,नसीम अहमद, वासुदेव यादव, राजेश यादव, सीतमोहन मुंडा, सुदामा प्रसाद, आरती देवी, निधी कुमारी, सीता उरांव, फुलमनी उरांव, अफजल अंसारी, रेखा देवी, सुशील कुमार यादव, अंजनी देवी, शंकर उरांव, प्रमेश्वर उरांव, आर्सेन तिर्की समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आभूषण दुकान में चोरी का उद्भेदन नहीं होने के खिलाफ बरवाडीह बाजार बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह मे पिछले महीने बरवाडीह बाजार मे दो आभूषण दुकानों मे हुई चोरी मामले मे पुलिस की असफला के खिलाफ बुधवार को बरवाडीह बाजार की सभी दुकाने चार घंटे बंद रही। व्यवसायिक समिति द्वारा बुलाया गया बाजार बंद चार घंटे पूरी तरह सफल रहा। व्यवसायियों ने अपनी-अपनी प्रतिष्ठानों को स्वतः बंद रखा। आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल स्टोर, सब्जी, फल और दूध की दुकानों को इस बंद से बाहर रखा गया था।व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने सभी व्यवसायियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने स्वतः व शांतिपूर्ण ढंग से अपनी प्रतिष्ठानों को बंद रखकर आपसी एकता की मिसाल पेश की है। यह बंद का निर्णय व्यवसायिक हित के लिए ही लिया गया था। परिस्थितियां व समस्याएं किसी के साथ कभी भी हो सकती है। समिति हर समस्याओं में आप सभी के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। इस दौरान व्यवसायिक समिति ने दुकानदारों की प्रमुख मांगों को लेकर बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज व जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी को एक मांग पत्र सौंपा। समिति ने बरवाडीह सम्पूर्ण बाजार में आवश्यक स्थानों एवं मुख्य चौक - चौराहों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की ताकि अपराधियो कि पहचान कि जा सके और प्रशासन को कारवाई करने में सुविधा हो सके।

### हुसैनाबाद में आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# आपसी समन्वय से होगा हुसैनाबाद का समेकित विकास : संजय सिंह यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के पुरंदर बीघा स्थित विधायक संजय सिंह यादव के फार्म हाउस परिसर में बुधवार को आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता खुद विधायक ने की, जबकि संचालन राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद खान ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में आपसी समन्वय और बेहतर तालमेल के साथ एकजुटता का परिचय देते हुए जीत दर्ज किया था, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में कार्यकर्ताओं की सकारात्मक भूमिका की जरूरत है। प्राथमिकता के आधार पर हुसैनाबाद विस क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, चिकित्सा व अन्य विकास कार्यो में तेजी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में राजद के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गयी। सदस्यता अभियान में गांव से शहर तक कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ कार्य करने की जरूरत है। हम सभी आपसी समन्वय के साथ हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही विकास की गति को तेजी देगी।। इस मौके पर राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामचन्द्र चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सह राजद नेता शशि पासवान, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, प्रखंड अध्यक्ष लल्लू सिंह, झामुमो नेता डॉ एजाज आलम, राजद नेता विनय सिंह यादव, रवि यादव, मदन पासवान, कलामुदिन खान, राजेश सिंह, अशोक यादव, विमलेश पासवान आदि मौजूद थे।



बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक संजय सिंह यादव।

# पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को चुनाव आयोग करेगा पुरस्कृत

### तीन दशक बाद नक्सलियों के गढ़ में हुआ है शांतिपूर्ण चुनाव

**25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल के हाथों होंगी पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के आठ पुलिस कर्मियों को चुनाव आयोग पुरस्कृत करेगा। उन्हें झारखंड में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक संचालन के लिए पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। इस सूची में पलामू की लेडी सिंघम कही जानेवाली एसपी रीष्मा रमेशन का भी नाम शामिल है। रीष्मा रमेशन एकमात्र एसपी हैं, जिन्हें चुनाव आयोग की तरफ से पुरस्कृत किया जा रहा है। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर झारखंड के राज्यपाल सभी को पुरस्कृत करेंगे। इसी समारोह में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को भी पुरस्कृत किया जाना है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने पुरस्कार की पुष्टि करते हुए बताया कि यह पुरस्कार टीम पलामू की है। पलामू में तैनात एक-एक जवान और अधिकारी ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में अपनी भूमिका निभाई है। बता दें पलामू के इलाके में किसी भी प्रकार का चुनाव करवाना एक चुनौती रहा है। साल 2024 के विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में पहली बार पलामू के इलाके में चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की नक्सल हिंसा नहीं हुई है। विधानसभा, लोकसभा चुनाव से पहले पलामू में तैनात पूरी सीआरपीएफ की बटालियन को भी क्लोज कर दिया गया था। 90 के दशक के बाद पलामू के इलाके से ही चुनाव के दौरान नक्सली हिंसा की शुरूआत हुई थी। पलामू एसपी के नेतृत्व में लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। चुनाव आयोग के तरफ से सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह, आईजी अभियान अमोल वी होमकर, आईजी माइकल राज, अनूप बिरथरे, डीआईजी इंद्रजीत महथा, धनंजय सिंह, सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार को पुरस्कृत किया जाना है।



## महिला ने झरिया के पूर्व इंस्पेक्टर व डीएसपी के खिलाफ की शिकायत

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** झरिया के कलाली पट्टी निवासी एक दलित परिवार ने बुधवार को जामाडोबा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित जन समस्या समाधान कार्यक्रम में पुलिस को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। बताया कि उसकी जमीन को दबंगों ने झरिया पुलिस की मदद से अवैध कब्जा कर लिया। यही नहीं, जाति सूचक गाली-गलौच व मारपीट भी की। विरोध करने पर पुलिस ने खानापुर्ति कर घर की दो मासुम महिलाओं के उपर धारा 107 लगा दिया। महिला ने झरिया के पूर्व इंस्पेक्टर संतोष सिंह, दरोगा फारूक अंसारी, एएसआई0 भुनेश्वर उरांव और सिंदरी के पूर्व डीएसपी अभिषेक कुमार पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

# ओपीडी शिफ्टिंग एवं जर्जर भवनों के ध्वस्त किये जा रहे कार्यों का नगर आयुक्त-डीडीसी ने किया निरीक्षण




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव की ओर से दिये गये निर्देश के आलोक में एमएमसीएच के जीएनएम कॉलेज भवन में विभिन्न ओपीडी शिफ्टिंग व जर्जर भवनों को ध्वस्त किया जा रहा है। इस कार्य की प्रगति एवं मूल्यांकन के लिए पलामू डीसी शशि रंजन की ओर से टीम गठित की गयी है। जिसने बुधवार को एमएमसीएच में किये जा रहे शिफ्टिंग एवं तोड़े जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने एमएमसीएच अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक को जीएनएम कॉलेज के प्रमुख द्वारों पर साइनएज लगाने का निर्देश दिया। कहा कि साइनएज इस प्रकार से ऐसे स्थानों पर लगायें जिससे किस कमरे में कौन से विभाग का ओपीडी संचालित हो रहा है यह स्पष्ट रूप से नजर आ सके। इसके अलावा उन्होंने बिजली पोल की शिफ्टिंग में अंडरग्राउंड वायरिंग कराने की दिशा में कार्य करने को कहा।

### टीबी कार्यालय एवं वार्ड को अस्थायी रूप से संस्कार भवन में शिफ्ट करने की है योजना

**निरीक्षण के दौरान टीबी कार्यालय एवं वार्ड को रेड क्रॉस भवन के सामने आयुष विभाग के नवनिर्मित संस्कार भवन से संचालित करने की योजना तैयार की गयी। डीसी की सहमति के बाद इस भवन को शिफ्ट किया जायेगा। इसी तरह अस्पताल रोड के चौड़ीकरण, स्क्रैप आदि का भी निरीक्षण किया गया। पाया गया कि कई ओपीडी जीएनएम कॉलेज के भवन में शिफ्ट हो गये है। इसी तरह कुछ लैब भी जीएनएम भवन से ही कार्य कर रहें हैं। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाने की बात कही। इस अवसर पर डीडीसी शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ अनिल, एमएमसीएच अधीक्षक समेत कई विभागों के डॉक्टर्स उपस्थित रहे।**

## मेगा रक्तदान शिविर कल, धनबाद की डीसी होंगीं शामिल

**धनबाद (आजाद सिपाही)। धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन और श्री क्लिनिक के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान ऑल इंडिया ऑर्गेनाइज्जेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स 24 जनवरी को आयोजित करने जा रहा है। धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य एक ही दिन में सबसे अधिक रक्तदान और रक्तदान के शपथ के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रिकॉर्ड स्थापित करना है। यह नेक पहल ऑल इंडिया ऑर्गेनाइज्जेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स की स्वर्ण जयंती वर्ष पर जेएस शिंदे के 75वें जन्मदिन पर आयोजित की जा रही है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा भी शामिल होंगीं।**

## आरसीआइटी कॉलेज में शैक्षणिक भ्रमण पर आये विद्यार्थियों ने हासिल की तकनीकी शिक्षा




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज में कुंभी स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के विद्यार्थी वोकेशनल एजुकेशन के तहत बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे। रांची के वेंचर स्किल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तत्वाधान में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण पर आये विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग फैकेल्टी में जाकर विभिन्न प्रकार की तकनीकी शिक्षा हासिल की। इसके अलावा बच्चों ने चार पहिया वाहनों के निर्माण की तकनीक के बारे में भी जानकारी ली। विभागाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की कई अहम जानकारी दी। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र - छात्राओं को पुरष्कृत भी किया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों के साथ आये वोकेशन ट्रेनर रवि कुमार ने बताया कि बच्चों में तकनीकी शिक्षा विकसित करने के उद्देश्य से इस वोकेशनल टूर का आयोजन किया गया है।

## मेदिनीनगर के प्रधानाध्यापक ने किया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का निरीक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विद्या विकास समिति की ओर से संचालित जपला सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुदवार को मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन ने निरीक्षण किया। सर्वप्रथम भारत माता, ऊं एवं मां सरस्वती के चित्र पर निरीक्षक दुर्गेश नंदन, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय एवं प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से पुष्प चढ़ाया। इसके बाद निरीक्षण के क्रम में सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन, अनुशासन औप संपूर्ण विद्यालय व्यवस्था, बच्चों के स्वच्छता, कार्यालय कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। विद्यालय की व्यवस्था में समाज के सहयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लगे हाथ स्कूली बच्चों के संस्कारों से अवगत हुए और उनमें आदर्श संस्कार को जागृत करने पर बल दिया। विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर समिति एवं आचार्य परिवार को धन्यवाद दिया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने आचार्य-दीदी जी के साथ बैठक कर विद्यालय के विकास को लेकर चर्चा की।

# थाने में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जमीन विवाद से जुड़े ज्यादातर मामले आये

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडलीय थाना परिसर में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान, थाना प्रभारी सौरभ चौबे, एसआई दीप नारायण और शिवनाथ रंजन सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें ज्यादातर मामले जमीन विवाद से जुड़े ते। जिसे संबंधित विभाग को अग्रेषित किया गया। कुछ मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया। इसके अलावा साइबर अपराध से बचने की भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्रामपुर एडीपीओ आलोक कुमार टूटी व संचालन थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने किया। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से शुरू किया गया जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए ज्यादा लाभकारी है। क्षेत्र के छोटे- छोटे विवादों का त्वरित निष्पादन इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जा रहा है। पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने लोगों से इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, युवा समाजसेवी राजन पांडेय, एएसआई अमित पांडेय, प्रदीप कुमार दुबे, बलराम दास, विनोद राम, असरफी राम सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल वितरण

**महुदा (आजाद सिपाही)। शिक्षा विभाग के सहयोग से बुधवार को कुंजी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ. जिसमें तेलमोचो मुखिया प्रतिनिधि शिबु महतो ने छात्र-छात्राओं के बीच साईकिलों का वितरण किया। शिबु महतो ने कहा कि शिक्षा के साथ ही बच्चों के सामर्थ्य और समग्र विकास के लिए उन्हें बेहतर परिवहन सुविधाएं देना आवश्यक है। साईकिल वितरण से छात्रों को विद्यालय आने-जाने में सहूलियत होगी। साथ ही यह उनके आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक कदम होगा। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को छात्रों की शिक्षा और उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। वहीं, छात्रों और अभिभावकों ने भी इस प्रयास की सराहना की और शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक सहायता की आवश्यकता पर बल दिया।**

## बुजुर्ग के अंतिम संस्कार में पहुंचे सपा नेता



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम भांवर निवासी बंधु यादव (85) का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम दाह संस्कार बटाने नदी घाट पर किया गया। इस अवसर पर सपा नेता कमलेश कुमार यादव के अलावे जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश राम, पंसस प्रतिनिधि हीरा यादव सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने दाह संस्कार में शामिल होकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा आयोजित किया। मौके पर समाजसेवी वीरेंद्र यादव, राजिंदर यादव, उमेश यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता, मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र मेहता, शिक्षक गोपाल यादव, वार्ड सदस्य श्रवण यादव आदि थे।

## स्वास्थ्य मेला में 1021 मरीजों का हुआ इलाज




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 1021 मरीजों का ईलाज किया गया। इसका उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जिला पार्षद उपाध्यक्ष आलोक कुमार उर्फ टूटू सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार, चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, डॉ शशि भूषण, डॉ राकेश रंजन, डॉ मंजूर आलम, डॉ आकाश खलखो और नीलम लकड़ा सहित प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार मेहता आदि ने भाग लिया। स्वास्थ्य मेला में 27 लोगों का आयुष्मान कार्ड/आभा कार्ड बना, 23 लोगों के मोतियाबिंद की जांच और सात गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। इसके अलावे कई अन्य मरीजों का जांचोपरांत चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर सीएचओ रोशनी कमल मुच्छु, अंशु कुमारी, पम्मी कोरियार, अर्चना मेहता, सुमति कुमारी, सुनीता कुमारी, शिल्पा मौर्या, एएनएम पिंकी कुमारी, विनीता सिंह, विनीति कुमारी आदि मौजूद थे।

# छतरपुर सीओ ने जब्त किये चार ओवरलोडेड हाइवा

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने मंगलवार की शाम ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार हाइवा वाहनों को जब्त किया। इनमें से दो वाहनों के पास चलान नहीं था, जबकि दो वाहन ओवरलोड पाए गए। वाहनों की जब्ती सूची तैयार कर उन्हें सुरक्षा के लिए छतरपुर थाना को सौंप दिया है। हालांकि थाना परिसर में जगह की कमी के कारण जब्त किए गए वाहनों को अंचल परिसर में रखा गया है। दूसरी ओर, प्रशासन की इस कार्रवाई को ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## क्रिकेट से प्रतिभा निखारने का मिलता है मौका : राजीव



**हरिहरन/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 बंजारी में मंगलवार को इंडियन क्रिकेट क्लब की ओर से नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में अयोजकर्ता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की खेल के प्रति युवाओं की सोच सराहनीय है। टूर्नामेंट का आयोजन होने से क्षेत्रीय युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। दूसरी ओर, दौरान इंडियन क्रिकेट क्लब की ओर समाजसेवी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्षता मोहम्मद आदिल, सचिव साबिर, जुबैद, एजाज हुसैन, नईम हाफिज, इम्तियाज, विजय प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार, कृष्णा साव, शंभू यादव और संजय जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, डाल्टनगंज ने जीता उद्घाटन मैच

# खेल से युवाओं में संघर्ष क्षमता का होता है विकास : अभिमन्यु

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** रेहला के जेबी उच्च विधालय के खेल मैदान में बुधवार को भवानी सिंह मेमोरियल अंतर्राजीय क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हुआ। जिसका उद्घाटन वरीय समाजसेवी अभिमन्यु उर्फ बबलू सिंह और पुलिस निरीक्षक रामशीष पासवान ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले स्वर्गीय भवानी सिंह के चित्र पर अतिथियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इसके बाद खेल मैदान में जाकर अतिथियों ने क्षेत्र में शांति व अमन के लिए कबूतर उड़ाया। वहीं, उद्घाटन मैच लरंगाहा व डाल्टनगंज टीम के बीच खेला गया। जिसमें डाल्टनगंज की टीम विजयी रही। मैच का औपचारिक शुरूआत अभिमन्यु सिंह ने बल्लेबाजी कर किया। जबकि समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के प्रमुख संजू सिंह व संचालन राजेश गुप्ता ने किया। इस असर पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्नय अंग है। खेल युवाओं के संघर्ष क्षमता को बढ़ाता है। खेल जीत व हार के मायने को समझता है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं है। खेल में भी युवाओं को बेहतर मुकाम मिल सकता है। इसलिए पढ़ाई के साथ ही खेल भी बेहद जरूरी है। इस मौके पर डॉ वीपी शुक्ला, कुमार कालिका उर्फ राजू सिंह, सुनील सिंह, पप्पू सिंह, राहुल दूबे, अशोक तिवारी, रविशंकर चौबे, शिव सिंह, चंद्रमणि दीक्षित, संतोष गुप्ता, पीयूष शुक्ल, रवि गुप्ता आदि मौजूद थे।

## बुजुर्ग महिला की पहचान की अपील



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड के सलैया पंचायत अंतर्गत बघना गांव में एक बुजुर्ग महिला विगत कई दिनों से भटक रही है। ग्रामीणों ने कई बार उससे परिचन व घर के पता जानना चाहा, लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे रही है। इस संबंध में समाजसेवी अमरेश यादव ने परिजनों व आस पास के लोगों से पहचान करने की अपील की है। साथ ही जानकारी होने पर 8969874800/7070478517 पर संपर्क करने की अपील की है।

# राजस्व कर्मचारी के घर एसीबी ने की छापेमारी

**छापेमारी में किसी भी संपत्ति का ब्यौरा या संदिग्ध समान बरामद नहीं हुआ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के घाघरा स्थित किराए के मकान में पहुंच बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी बुधवार की सुबह 6 बजे से 11:30 तक करीब 5 घंटे तक चली। 9 से 10 चार चक्के वहान में पहुंचे एसीबी की टीम घर की जांच करने लगे। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी भी संपत्ति का ब्यौरा या संदिग्ध समान बरामद नहीं हो सका। इस दौरान घाघरा के झामुमो नेता अशोक उरांव उक्त मकान का मालिकाना हक स्वयं का बताते हुए जमीन और घर का कागजात सुपुर्द किया। जिसके बाद टीम ने एक कमरे जो बाहर से बंद था। जिसकी चाबी रांची से मंगाया गया। हालांकि चाभी अंदर रखें गोदरेज का भिजवाया गया। इसके बाद टीम के द्वारा कमरे का दरवाजा तोड़कर कमरे का जांच किया गया। राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार घाघरा और बिशुनपुर में पदस्थापित थे। पिछले तीन वर्ष पूर्व उनका ट्रांसफर रांची जिला में हुआ था और वह वर्तमान में रांची जिला में ही प्रतिस्थापित है। यहां बता दें कि कुछ दिन पूर्व रांची सदर सीओ मुंशी राम को एसीबी की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया था। यह बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान मुंशी राम ने राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार का नाम लिया था। जहां से यह जांच शुरू हुई है। जिसके बाद से एसीबी की कार्रवाई राजेश कुमार के खिलाफ शुरू हुई है। यहां बता दें की राजेश कुमार पूर्व में गुमला जिला के बिशुनपुर, घाघरा व कामडारा में पदस्थापित थे।

# बाबू मोबाइल रिपेयरिंग दुकान से सामानों की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाबू मोबाइल रिपेरिंग एंड ऑनलाइन सुविधा केंद्र का प्रिंटर, चार्जर, एयरफोन, ब्लूटुथ आदि समानो को विगत रात को अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर लिया गया।

वहीं पीड़ित बाबूलाल चीक बड़ाईक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक दिन की भांति मंगलवार को दुकान बंद करके घर चला गया जब बुधवार सुबह दुकान खोलने आया तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और अंदर देखा तो समान बिखरा हुआ है तब मै तत्काल इसकी सूचना जारी थाना को दी। उन्होंने बताया कि मै ऋण लेकर दुकान खोला था लेकिन चोरी हो गया मै परेशान हूं। सूचना पाकर एएसआइ बिनय कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने करवाई करने का आश्वासन दिया।

# एसएस हाइ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभात फेरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** गुमला में सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार 22 जनवरी को एसएस +2 हाइ स्कूल गुमला के छात्र-छात्राओं के बीच निकाली गया। प्रभात फेरी में छात्र एवं छात्राओ ने भारी संख्या में प्रभात फेरी निकाली जहां स्कूली छात्र आम जन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2025 से शुरू हुआ यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। रैली मे छात्रों ने हाथों मे सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर लेकर रैली मे शामिल हुए, इन्होने सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके। प्रभात फेरी के दौरान बच्चों द्वारा आम लोगों के बीच नारा दिया गया। छात्र एवं छात्राओ को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा विद्यार्थियों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाये और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया गया।

# स्वास्थ्य मेला में 1100 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** झारखंड सरकार के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वस्थ मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सोनाली डेजी मिंज मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक शिला खेस सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। मेला में मुख्य रूप से स्टोल लगाकर स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांचों उपरांत निशुल्क दवाइयाँ का वितरण किया गया। आयोजित मेला में विभिन्न गांव से पहुंचे 1100 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। प्रमुख ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचना है अच्छा स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है इसे हम सभी को बचाकर रखना अति आवश्यक है। सरकार स्वास्थ्य के प्रति बहुत ही गंभीर है और धरातल पर योजना एवं सुविधाओं को उतारने का काम कर रही है सरकार गंभीर बीमारी एवं असाध्याय बीमारियों के लिए भी अलग से सुविधा दे रही है उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधा धरातल पर पहुंचा रही है जिसका लाभ हमें ज्यादा से ज्यादा लेना है। मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक ने कहा कि। स्वास्थ्य के प्रति हम सभी को सजग रहना चाहिए सतर्कता ही हमें निरोग काया प्रदान करती है। डॉ सोनाली डेजी मिंज ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हमारे प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी जागरूक हैं शिविर में लगभग 1100 लोग बेहिचक पहुंचकर अपना स्वास्थ्य जांच कराते हुए निशुल्क दवा प्राप्त की उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहें किसी प्रकार का कोई समस्या हो तो आप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर अपना जांच करायें।

जिसके उपरांत अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये सभी स्थलों का अवलोकन किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों में किट का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ रेनू तिर्की, डॉक्टर पटेल, राकेश कुमार रंजन, संदीप उरांव, सूरज राम, मुकेश मिश्रा, विनय ठाकुर, दिनू अरविंद कुमार, राजा यादव सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनाया संविधान गौरव दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार बुधवार को भाजपा जिला गुमला के तत्वावधान में पर्यटन भवन के परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर जी की याद में संविधान गौरव दिवस मनायी गयी।

जिला के सभी पदाधिकारियों कार्यसमिति के सदस्य सभी जिला मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारियों कार्यसमिति के सदस्य सहित सभी मण्डल के अध्यक्षों ने इस समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने अपने संबोधन में संविधान की रक्षा की दुहाई देने वाली कांग्रेस पर अपने शासन काल में वोट बैंक की खातिर संविधान के प्रियमबल में छेड़छाड़ करने का गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल में विपक्ष को जेल भेज कर बिना बहस के संसद में संविधान के प्रियमबल में धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवाद शब्द को जोड़ कर संविधान की आत्मा को तार तार करने का काम किया, साथ ही अपने फायदे के लिए संसद के तत्कालीन कार्यकाल को एक साल बढ़ा कर छह साल किया। उन्होंने कहा कांग्रेस और उसके बड़बोले नेताओं को पहले अपने करतूतों एवं गिरेबान में झांक कर खुद का अवलोकन करना चाहिए, तभी वो भाजपा पर कोई तरह का आरोप लगाये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने की, मंच संचालन जिला महामंत्री रामावतार भगत, एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला रउ मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं को आगामी 30 जनवरी 2025 तक चलनेवाली सदस्यता अभियान को हरहाल में पूरा कर लेने का आह्वान किया, ताकि तभी अगले माह से संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रदेश एवं जिला स्तर पर शुरू होगी। संविधान गौरव दिवस के जिला संयोजक सह पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने भी अपने विचार व्यक्त किया एवं भाजपा पर संविधान को लेकर विरोधियों द्वारा फैलाये जा रहे झूठ की राजनीति को पुरजोर तरीके से मुंहतोड़ जवाब देने का आह्वान किया।

# बाइक के टक्कर से डीएवी की छात्रा घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित डीएवी स्कूल के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल से चल रही छात्रा को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद दोनों सड़क पर गिर गए। वहीं बाइक सवार उठकर बाइक लेकर घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में छात्रा के हाथ और अन्य स्थानों में काफी चोट लगी। स्थानीय लोग उसे उठाकर सड़क किनारे किए। कुछ लोगों ने बाइक का पीछा भी किया। जानकारी के मुताबिक छात्रा शहर के संत पात्रिक प्लस टू इंटर कॉलेज में पढ़ाई करती है। बुधवार दिन के 2 बजे विद्यालय छुट्टी होने के बाद साइकिल से अपने घर लौट रही थी। वही डीएवी स्कूल दुन्दरिया के समीप सड़क पार अपने घर की ओर मुड़ने लगी। तभी पीछे से एक बाइक सवार उसे टक्कर मार दिया। बता दे की अभी गुमला में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जहां सड़क पर चलने के नियम भी बताए जा रहे हैं। लेकिन कई विद्यालयों के प्रबंधक द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक नहीं किया जा रहा है। सड़क पार करते समय सड़क के दोनों तरफ देखकर ही सड़क पार करनी चाहिए। शहर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों में कम उम्र के बच्चे बाइक लेकर विद्यालय जाते हैं विद्यालय प्रबंधन को इस बात की जानकारी होते हुए भी किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई जाती है। बाइक को विद्यालय के अंदर नो एंट्री दिया जाता है और छात्र बाइक को सड़क किनारे ही लगा देते हैं। छुट्टी के बाद तेज रफ्तार से बाइक चलाते हैं। बता दे की नाबालिक को बाइक चलाने देने पर नियम संगत उनके अभिभावक को 25000 का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टोटाम्बी चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत व दो लोग गंभीर रूप से घायल है। मृतक लोहरदगा जिला के हेसवे दादीटोली निवासी रतन महतो है। जानकारी के अनुसार मृतक रतन महतो व रितेश महतो मोटरसाइकिल में सवार होकर गुमला से अपना घर हेसवे जा रहा था, इसी दौरान विपरीत दिशा से एक ही मोटरसाइकिल में दो लड़का व दो लड़की सवार होकर गुमला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर दोनों की भिड़ंत आमने-सामने हुई। घटना के बाद रतन महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं रितेश महतो व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से गुमला सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। वहीं मृतक रतन को भी पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है। यहां बता दें कि जिस मोटरसाइकिल में चार लोग सवार होकर जा रहे थे उस मोटरसाइकिल के एक युवा गंभीर रूप से घायल है। साथ में सवार एक लड़का व दो लड़की अपने साथी घायल अवस्था में छोड़कर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में उतरी दुमका की टीम तीन विकेट से जीती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट में चैतन्य वीर के नाबाद शतक व तीन विकेट के बदौलत दुमका ने चतरा को सात विकेट से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार से आरंभ इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में चतरा की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआती शीर्ष के पांच विकेट महज 28 रनों पर गवाने के बाद शुभम मिश्रा व भरत कुमार राणा के अर्धशतकीय पारी के बदौलत टीम ने 43.3 ओवरो में सारे विकेट गवां 189 रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से शुभम 55, भरत 57 व श्रेयांश ने 25 रनो की पारी लिए खेली। दुमका की ओर से चैतन्य व विभू ने तीन -तीन और आर्या चक्रवर्ती ने दो विकेट हासिल किया। करण व लक्ष्मण को एक एक विकेट मिला। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। चैतन्य ने 17 चौके के सहारे 103 रनो की नाबाद पारी खेली। करण ने 22व आयुष ने 18रनो का योगदान किया। चतरा के नैतिक को दो और कुंदन को एक विकेट मिला। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चैतन्य को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टीआरडीओ राजेश झा, एलओ अवधेश कश्यप, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार व स्कोरर शशिभूषण मिश्रा मैन ऑफ द मैच को पांच हजार कैश अवार्ड के साथ ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

# किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड के तत्वावधान में जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि उत्पाद प्रदर्शनी 2025 का आयोजन जिला मैदान (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) गुमला में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन्नत तकनीकों और नई खेती विधियों से किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और खेती को और अधिक लाभप्रद बनाना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किसानों से कहा कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्नत तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने किसानों को कीटनाशक रसायनों के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करने की सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि धान के अलावा किसानों को जीरा फूल, सब्जी और अन्य फसलों की खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने किसानों को डीजल आधारित उपकरणों के स्थान पर सोलर उपकरणों का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपायुक्त ने सिंचाई की नई तकनीकों को अपनाने और एफटीओ (फंड ट्रांसफर ऑर्डर) से जुड़ने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और सब्सिडी का लाभ उठाकर किसान आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

# डीएवी स्कूल प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वचन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने आगामी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आप की बोर्ड की परीक्षाएं निकट हैं। परीक्षा के प्रति जागरूकता, इसमें अपना रोल और पिछले बैच की सफलता का कारण जानना जरूरी है। आपके पास दो रास्ते हैं - या तो अभी परिश्रम कर आनंदपूर्वक सफलता तक पहुंचना या फिर बाद में कठिन मार्ग से सफलता तक पहुंचना। इसमें पहला तरीका श्रेयस्कर है। पिछली परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने बताया कि कितना पढ़ते हैं से ज्यादा जरूरी है कैसे पढ़ते हैं। इस अवसर पर कक्षा दशम के कक्षाचार्य आशीष कुमार मिश्रा, मिथलेश कुमार दुबे, संजुक्ता खटुआ, अभिजीत झा समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# घाघरा में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले वर्षगांठ पर निकाली कलश यात्रा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में हुए राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पहले वर्षगांठ के अवसर पर घाघरा प्रखंड के नाथपुर गांव में बुधवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर से प्रारंभ होकर नाथपुर डैम पहुंची, जहां आचार्य बबलू पाठक के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ जलभरी कराया गया। जिसके बाद विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे जहां विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान 201 कलश का कलश यात्रा निकाला गया। जहां महिला व छोटी-छोटी बच्चियों भाग लिया। पूरा वातावरण जय श्री राम व बजरंगबली की जय के किनारे से गूंज उठा। इस संबंध में समाजसेवी अजय जायसवाल ने बताया कि अयोध्या में हुए राम मंदिर के पहली वर्षगांठ के अवसर पर गांव में कलश यात्रा के साथ पूजा पाठ का कार्यक्रम कराया जा रहा है। पूरे घाघरा प्रखंड से लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय जायसवाल, दिलीप जायसवाल, उदय कुमार, कुलदीप जायसवाल, आकाश जायसवाल, बिंदेश्वर गोप, सुखुन यादव, अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 19 जनवरी को खेले गये पहले खो-खो विश्व कप का खिताब जीतकर भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने इतिहास रचा।

# केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया ने खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय टीमों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को नई दिल्ली में विश्व कप विजेता भारतीय खो-खो टीमों को सम्मानित किया। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 19 जनवरी को खेले गये पहले खो-खो विश्व कप का खिताब जीतकर भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने इतिहास रच दिया। दोनों टीमों ने अपने-अपने फाइनल में नेपाल को हराया था।

बुधवार को पुरुष और महिला खो-खो टीमों के पूरे खिलाड़ियों से केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया ने मुलाकात की। खिलाड़ियों के साथ कोच, भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। देश में पारंपरिक खेलों के बारे में बात करते हुए केन्द्रीय मंत्री मांडविया ने कहा कि पारंपरिक खेल लचीलापन, सामुदायिक भावना को दशार्ते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये हमारे पारंपरिक खेल मूल्यों को बनाए रखते हैं। दुनिया को इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीखना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी हितधारकों की जीत का सिलसिला जारी रहना चाहिए, जिसका नवीनतम लक्ष्य 2026 एशियाई खेल हैं। हमने खो-खो विश्व कप के आयोजन में शानदार काम किया और हमें यह प्रयास करने की जरूरत है कि इन खिलाड़ियों को एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिले। सरकार का प्रयास भी खो-खो को 2036 ओलंपिक खेलों में ले जाना है। इसके लिए खिलाड़ियों और कोचों को बेहतर प्रदर्शन करते रहना होगा। महासंघ को अच्छा प्रबंधन करते रहना होगा और खेल मंत्रालय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सहायता और सहयोग करता रहेगा।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित खो-खो विश्व कप 2025 में भाग लेने वाले 23 देशों में से भारत शीर्ष पर रहा। इसका श्रेय काफी हद तक भारतीय खेल प्राधिकरण जेएलएन स्टेडियम में महीने भर चलने वाले शिविर को दिया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

**-ःनिविदा शुद्धि पत्रः-**

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना–20/2024–25 जन सम्पर्क विभाग के **PR 340491 (Building) (24-25):D** से प्रकाशित जिसकी परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–25.10.2024 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–26.10.2024 था के क्रमांक संख्या–01 का परिमान बिपत्र बिक्री की तिथिः–02.02.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथिः–03.02.2025 को है।

अन्य निविदा की शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 344901 (Building)24-25*D

## डरें नहीं, बल्कि माफियावाद के खिलाफ लड़ें : ढुल्लू



**धनसार (आजाद सिपाही)।** आदिवासियों की जमीन पर ही विश्वकर्मा परियोजना चल रही है। बावजूद इसके यहां के आदिवासियों को ट्रक लोडिंग के लिए पर्याप्त कोयला नहीं मिल रहा है। बल्कि रात में कोयला उत्पादन कर अंधेरे में ही ट्रांसपोर्टिंग करा दिया जा रहा है। पर अब ऐसा विश्वकर्मा में चलने नहीं दिया जाएगा। उत्पादन सभी 69 दंगल को प्रत्येक दिन लोडिंग के लिए ट्रक मिले अन्यथा ट्रांसपोर्टिंग के लिए एक छटाक कोयला भी बाहर जाने नहीं दिया जाएगा। उक्त बातें सांसद ढुल्लू महतो ने कही। वे बुधवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की ओर से विश्वकर्मा परियोजना में आयोजित आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां का प्रबंधन और माफिया एकजुट होकर रात में कोयला उत्पादन करते है और अंधेरे में ही ट्रांसपोर्टिंग करा दिया जाता है। जिससे यहां के सैकड़ों मजदूरों को कोयला नहीं मिल पाता है। यह सब रंगदारी के लिए माफियाओं की एक सोची समझी चाल है। ट्रांसपोर्टरों से माफियाओं की जेब भरते है। इसलिए मजदूर की हीत की लड़ाई नहीं लड़ते है। कहा कि ऐसी मानसिकता रखने वाले माफियातत्व को खदेड़ दिया जाएगा। बीसीसीएल को मुनाफा पहुंचाने में असंगठित मजदूरों का हमेशा साथ रहा है। लेकिन माफिया के चलते इन्हीं मजदूरों को उसका हक नहीं मिल पाता रहा है। कोलियरी को माफिया मुक्त बनाने के लिए हर हद तक जाने को तैयार है। मजदूरों से आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपने हक की लड़ाई लड़ना शुरू करेंगे तो माफियावाद खुद खत्म हो जाएगा। डरे नहीं, बल्कि माफियावाद के खिलाफ लड़े। अब माफियाओं के खिलाफ लड़ने वाला ढुल्लू सांसद बन चुका है। इस दौरान विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट के एटक से जुड़े असंगठित मजदूरों ने सांसद को विश्वकर्मा परियोजना की समस्याओं की जानकारी दी। जिसका सांद ने समाधान कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की। इस मौके पर सुभाष मुर्मू, संतोष यादव, अनुप साव, आजादी चौहान, केदार, देवा साव, अकबर, टुन्नू गुप्ता, भगवान पासवान, पूजा देवी, चम्पा देवी, गणेश चौहान, योगेश्वर महतो, हरिचरण चौहान, राजीव, संजय चौधरी आदि मौजूद थे।

## भाजपा के संविधान गौरव अभियान के तहत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोलाकुसमा मांझिलाडीह के बलियापुर रोड स्थित जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को भाजपा के संविधान गौरव अभियान 'हमारा संविधान हमारा अभिमान' के तहत प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने कठिन प्रश्नों का जवाब देकर शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक राज सिन्हा, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिन्हा, धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय, भाजपा के कोषाध्यक्ष, जेपी अस्पताल व जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, जिला महामंत्री मानस प्रसून, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह शामिल हुए, जिन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धनबाद महानगर, जेपी ग्रुप का हॉस्पिटल व जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, जेपी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ किमी नित्यानंद मंडल ने आयोजन को सफल सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डी फार्मा प्राचार्या नीलम सिंह, नर्सिंग प्राचार्या सोमनाथ भट्टाचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर गोपाल पासवान, असिस्टेंट प्रोफेसर श्याम प्रकाश राय, असिस्टेंट प्रोफेसर प्रियांशु कुमारी, ले. पुतुल मित्र, ले. मोनिका महतो, ले. वर्षा रानी, ले. लक्ष्मी कुमारी ले . पुतुल मित्रा, मोनिका महतो, लक्ष्मी कुमारी, वर्षा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जवाहर रवानी के निधन से झामुमो ने एक अच्छा नेता खो दिया: मथुरा महतो



**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** झामुमो के वरिष्ठ नेता, शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के उपाध्यक्ष एवं तेतुलमारी थाना के एसबियो छोटा नगरी निवासी जवाहर रवानी का निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर सतारूढ झामुमो के सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो बुधवार को दिवंगत के आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। कहा कि झामुमो एवं स्मारक समिति ने एक अच्छे नेता को खो दिया। इससे जो क्षति हुई है वह निकट भविष्य में पूरा नहीं किया जा सकता। दुःखद की इस घड़ी में परिवार के सभी सदस्यों को भगवान हिम्मत प्रदान करे। इस मौके पर झामुमो किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सचिव शिव प्रसाद महतो, गौतम महतो, तुलसी महतो, सपन पंडित, लोक नाथ महतो, नंद लाल रवानी, विमल महतो, बैजनाथ रवानी, घलटु त्रिगुनाइत, प्रेम चन्द महतो, मंटू कुम्हार, गणेश चौहान, बैजनाथ महतो, दशरथ कुम्हार, रामाशिष चौहान और देवेंद्र राणा आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## चतरोचट्टी में जैक बोर्ड की ओर से 28,29,30 को होनेवाली 8वीं-9वीं की परीक्षाओं की तैयारी पूरी

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्द परिषद रांची की ओर से सरकारी एवं गैरसरकारी विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 8वीं की परीक्षा 28 जनवरी और नौवीं की परीक्षा 29 व 30 जनवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। इसमें गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकी सीधावारा और उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी में कक्षा 8वीं में 383 बच्चे और उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकी सीधाबारा में 8वीं के 274 परीक्षार्थी भाग लेंगे। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरन्नाथ लोहरा ने पत्र जारी कर बताया कि विभाग के निर्देशानुसार परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से होगी। बता दें कि शिक्षा विभाग की ओर से पहले पाली की परीक्षा सुबह 9.45 बजे से लेकर दोपहर के एक बजे तक एवं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से 5.15 बजे तक संपन्न होगी। प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को 15 मिनट तक अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

# शिविर लगाकर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने का होगा प्रयास : एसएसपी

**धनबाद में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित**
**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को राज्य के सभी 24 जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें धनबाद जिले के छह केंद्र भी शामिल हैं। इनमें बाघमारा अनुमंडल अंतर्गत थानों के लिए कतरास स्थित राजस्थानी धर्मशाला, सिंदरी अनुमंडल के लिए जोरापोखर के टाटा कम्युनिटी सेंटर, डीएसपी विधि व्यवस्था अंतर्गत सभी थाना के लिए लूबी सर्कुलर रोड स्थित कला भवन, निरसा अनुमंडल के लिए निरसा पॉलिटेक्निक कॉलेज, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 अंतर्गत थाना के लिए हरदेव धर्मशाला गोविंदपुर और डीएसपी हेडक्वार्टर-2 अंतर्गत सभी थानों की जनता के लिए टुंडी के मॉडल स्कूल लथुरिया में शिविर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उन्होंने अपनी शिकायत के समाधान के लिए अधिकारियों को आवेदन दिए। एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने कला भवन में आयोजित शिविर का उद्घाटन किया। उनके साथ सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी सुमित कुमार, धनबाद थाना प्रभारी आदि मौजूद थे। शिविर में आमजन पुलिस के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या बताते दिखे। जिसमें पीड़ित-भुक्तभोगी को जल्द न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य विभाग की शिकायत को लेकर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर निगरानी रखी जा रही है। एसएसपी ने कहा कि जिन शिकायतों का निबटारा तत्काल संभव नहीं होगा, वैसे मामलों के निस्तारण के लिए एक समय सीमा निर्धारित करते हुए शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा। अभियान के उद्देश्य से गठित विशेष सेल यह सुनिश्चित करेगा कि जिन शिकायतों का निबटारा शिविर में नहीं हुआ वैसे मामलों का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर किया जा सके। वहीं, सिटी एसपी अजीत ने कहा कि जन शिकायत समाधान शिविर के तहत शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तरीय विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से शिकायतों का निवारण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम में नागरिकों की समस्या को समझते हुए व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग अपनी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9470589467 और ईमेल 'जनशिकायत-धनबाद@जेएचपुलिस.जीओवी.इन' पर भी सीधे दर्ज करा सकते हैं। वहीं कार्यक्रम में शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने के लिए पुलिस पदाधिकारी के साथ बीडीओ, सीओ, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पारा लिगल वॉलेंटियर भी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
### (जिला राजस्व शाखा)

### –: आम सूचना :–

निम्नांकित विवरणी में अंकित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि विवरणी में अंकित भूमि का छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत भूमि बिक्री अनुमति हेतु वर्ष 2022 में आवेदन दाखिल किया गया था। आवेदन दाखिल करने के पश्चात् आपके द्वारा संबंधित वाद/वादों में अभिरूचि नहीं ली जा रही है। फलस्वरूप वाद काफी लम्बे समय से लंबित चला आ रहा है।

एतद् द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि "आम सूचना" प्रकाशन 15 दिनों के अन्दर अपने दावा के समर्थन में संगत कागजातों के साथ संबंधित अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा उक्त अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत एकतरफा कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी

| क्र0 सं0 | विक्रेता | क्रेता | वाद सं0 | अंचल का नाम | मौजा | थाना सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकवा (डी0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धनेश्वर रजक | पुनम देवी वगै0 | 9/2022 | सदर | केसुरा | 182 | 24 | 949, 871 | 16.65 |
| 2 | जग्गु राम | सिकंदर कुमार रजक | 10/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 23 | 1748 | 2.5 |
| 3 | नरेश ठाकुर वगै0 | सुनील कुमार शर्मा | 25/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 37 | 639, 269, 287 | 3.5 |
| 4 | बंधनी भुईयाँ | मिनी देवी | 27/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 20 |
| 5 | बंधनी भुईयाँ | रामचन्द्र राम | 28/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 20 |
| 6 | सुरेन्द्र लाल भगत | लक्ष्मी कुमारी | 37/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 697 | 9 |
| 7 | बसंत कुमार वगै0 | शिला देवी | 41/2022 | सदर | बेलामुडवार | 235 | 29 | 258 | 6 |
| 8 | जयप्रकाश राम | रूपा देवी | 42/2022 | सदर | बेलामुडवार | 235 | 29 | 258 | 6 |
| 9 | किशुन गंझु | घनू गंझु | 47/2022 | केरेडारी | मनातु | 3 | 3 | 199 | 75.25 |
| 10 | रामचन्द्र राम | जयप्रकाश राम | 49/2022 | सदर | ओरिया | 152 | 5 | 264, 951, 1234 | 24.5 |
| 11 | संध्या देवी | लक्ष्मी देवी | 68/2022 | सदर | मटवारी | 158 | 2 | 782 | 2.03 |
| 12 | नितेश चन्द्रवंशी वगै0 | ललिता देवी | 80/2022 | सदर | ओकनी–1 | 138 | 11 | 647 | 3 |
| 13 | धर्मेन्द कुमार अकेला | रेशमी देवी | 93/2022 | कटकमसांडी | छड़वा | 76 | 5, 24 | 781, 983 | 6 |
| 14 | विनोद प्रसाद | मीना पिता | 97/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 3 | 62 | 4 |
| 15 | सोनी देवी | संजय कुमार | 105/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 56 | 724 | 2 |
| 16 | सोनी देवी | अरूण कुमार | 106/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 56 | 724 | 2 |
| 17 | बसंत कुमार | नीलमणि रघुवंशी | 109/2022 | सदर | कदमा–1 | 142 | 81 | 115 | 2.5 |
| 18 | कमल राम | उमेश रजक | 110/2022 | कटकमसांडी | बलियन्द | 83 | 27 | 636, 637, 640 | 6 |
| 19 | बालेश्वर ठाकुर वगै0 | सुधीर कुमार | 111/2022 | सदर | नयाखाप | 253 | 32 | 441 | 4 |
| 20 | विनोद प्रसाद | भागीरथ महतो | 126/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 3 | 62 | 6 |
| 21 | मुकेश ठाकुर | सुकरी देवी | 127/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 26 | 650 | 2.5 |
| 22 | राजेन्द्र महतो | श्रीमति रीना कुमारी | 128/2022 | केरेडारी | कोदवे | 25 | 26 | 621 | 4 |
| 23 | जगेश्वर राम | खुशबू कुमारी वगै0 | 129/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 62 | 1831 | 4 |
| 24 | विनोद प्रसाद | सिकन्तो देवी | 130/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 3 | 62 | 6 |
| 25 | विनोद प्रसाद | कृष्णदेव प्रसाद | 131/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 3 | 62 | 2 |
| 26 | बाल गोबिन्द कुमार | शालिनी कुमारी | 133/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 65 | 46 | 6 |
| 27 | लखन राम | रवि कुमार | 140/2022 | सदर | लाखे | 155 | 19 | 715 | 3.75 |
| 28 | सोमर राम वगै0 | एतवरिया देवी | 151/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 18 |
| 29 | कमल राम | मनोज कुमार दास | 158/2022 | सदर | जबरा | 154 | 76 | 1216 | 4 |
| 30 | जयनाथ कच्छप | सुभाष उराँव | 160/2022 | सदर | कैन्टोनमेन्ट | 157 | 112 | 390 | 4 |
| 31 | कुलदीप कुमार पासवान | सुजीत कुमार दास | 166/2022 | बड़कागांव | नापोकला | 114 | 39 | 375 | 6.66 |
| 32 | रघुबीर ठाकुर वगै0 | बालकृष्णा कुमार | 173/2022 | बड़कागांव | पड़रिया | 57 | 32 | 2246 | 44 |
| 33 | रघुबीर ठाकुर वगै0 | बालकृष्णा कुमार | 180/2022 | बड़कागांव | बड़कागांव | 57 | 9 | 3428 | 6.5 |
| 34 | लालो राम वगै0 | सुरेन्द्र कुमार दास | 194/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 5 |
| 35 | रतन लाल भगत | नितु कुमारी | 198/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 362 | 8 |
| 36 | विकास कुमार वगै0 | प्रभु राम | 204/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 8 |
| 37 | विकास कुमार वगै0 | यशोदा देवी | 205/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 14 |
| 38 | लालो राम वगै0 | लक्ष्मी देवी | 206/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 7 |
| 39 | महाबीर राम | मनोज कुमार | 207/2022 | सदर | रोला | 176 | 54 | 211 | 6 |
| 40 | सामु राम वगै0 | राधा देवी | 210/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 38 | 1348 | 4 |
| 41 | खेमलाल उराँव वगै0 | मटील्डा मरांडी | 211/2022 | सदर | मासीपीढ़ी | 120 | 2 | 347 | 17 |
| 42 | मनोज राम वगै0 | भागीरथ रविदास | 213/2022 | सदर | सरौनीखुर्द | 223 | 2 | 8 | 4 |
| 43 | गिरजा देवी वगै0 | उषा कुमारी | 229/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 38, 69 | 1988, 1989, 1990 | 4.13 |
| 44 | मुकेश राम | प्रदीप राम | 231/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 70 | 178 | 3 |
| 45 | कविलास देवी | बोधन महतो वगै0 | 232/2022 | केरेडारी | कोदवे | 25 | 4 | 278, 640 | 32 |
| 46 | प्रयाग राम वगै0 | तुलसी कुमार पासवान | 234/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 385 | 4 |
| 47 | प्रयाग राम वगै0 | शान्ति देवी | 235/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 385 | 6 |
| 48 | प्रयाग राम वगै0 | रेणुबाला कुमारी | 236/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 385 | 4 |
| 49 | सुरेश तिग्गा वगै0 | अंजू मिंज | 237/2022 | सदर | मासीपीढ़ी | 120 | 51 | 136 | 4 |
| 50 | कलिया देवी | चांदनी कुमारी | 238/2022 | बड़कागांव | खारांटी | 115 | 45 | 361 | 28 |
| 51 | बुधन धोबी | लखन राम वगै0 | 242/2022 | केरेडारी | गर्रीकला | 35 | 129 | 2654 | 4.25 |
| 52 | विनिता देवी | देवचन्द राम | 247/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 122 | 890 | 3 |
| 53 | बबलु ठाकुर वगै0 | नीतु देवी | 248/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 17, 37 | 640, 639 | 6.69 |
| 54 | कमला देवी | पूनम कुमारी | 249/2022 | सदर | खिरगांव | 145 | 74 | 979 | 3.5 |
| 55 | मनोज पासवान | सुन्दरी देवी | 250/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 48 | 776 | 4 |
| 56 | सुकर तुरी वगै0 | रीना देवी | 252/2022 | सदर | भेलवारा | 246 | 20, 46, 29 | 505, 506, 507 | 4.5 |
| 57 | गीता देवी | लक्ष्मी दीपक वर्मा | 254/2022 | सदर | ओकनी–2 | 137 | 92 | 688 | 4 |
| 58 | सोमर राम वगै0 | मुन्नी कुमारी | 260/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 4.34 |
| 59 | सोमर राम वगै0 | शकुन्तला देवी | 261/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 8.66 |
| 60 | चरकु ठाकुर वगै0 | रोहित वर्मा | 263/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 37 | 639 | 4 |
| 61 | प्रयाग राम वगै0 | मंजू कुमारी | 264/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 385 | 4 |
| 62 | सामु राम वगै0 | अनुप्रिया कुमारी | 365/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 38 | 1348 | 6 |
| 63 | बसंत राम | पूनम कुमारी | 266/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 13 | 58 | 4 |
| 64 | अतुल्या तिर्की | माला तिर्की | 267/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 77 | 2048, 2049 | 8 |
| 65 | बबलू केरकेट्ठा | सुमन उरांव | 268/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 1199 | 6 |
| 66 | खेमलाल उराँव वगै0 | मटील्डा मरांडी | 270/2022 | सदर | मासीपीढ़ी | 120 | 2 | 347 | 17 |
| 67 | रतन लाल भगत | नितु देवी | 271/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 362 | 4 |
| 68 | रवि लाल भगत | गोपाल राम | 272/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 334 | 9.5 |
| 69 | रवि लाल भगत | जय कुमार राम | 273/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 334, 335 | 7.5 |
| 70 | प्रफुला होरो | बरसो कुमारी | 277/2022 | सदर | सारले | 159 | 13 | 131 | 16 |
| 71 | अर्जुन राम | राजू कुमार | 279/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 3 | 195 | 3 |
| 72 | कौशल राम वगै0 | किशुनी देवी | 302/2022 | सदर | लाखे | 155 | 34 | 641, 642 | 3.5 |
| 73 | बालेश्वर राम वगै0 | भीखू राम | 304/2022 | सदर | अंधारू | 224 | 23 | 35 | 12 |
| 74 | रामेश्वर शर्मा वगै0 | रिंकी देवी | 305/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 14 | 54 | 4 |
| 75 | रूकनी देवी वगै0 | गीता देवी | 306/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 19 | 688 | 4.5 |
| 76 | निरंजन राम | वीणा देवी | 310/2022 | सदर | सिरसी–1 | 144 | 36 | 107 | 5 |
| 77 | शंकर राम | नीतू कुमारी | 311/2022 | कटकमसांडी | नवादा | 56 | 20 | 1262 | 8 |
| 78 | अनमोल मिचयारी | दुलारी देवी | 317/2022 | सदर | कैन्टोनमेन्ट | 157 | 145 | 383 | 8 |
| 79 | खीस्ट अर्पित बाजराय | अनिता तिग्गा | 328/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 20 | 33/81 | 8 |
| 80 | खीस्ट अर्पित बाजराय | सारिका हेमरोम | 329/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 20 | 33/81 | 12 |
| 81 | खीस्ट अर्पित बाजराय | प्रकाश साह | 331/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 20 | 33/81 | 8 |
| 82 | मोसेमात जिरवा देवी वगै0 | पार्वती देवी | 336/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 115 | 283 | 21.33 |
| 83 | विकास कुमार वगै0 | अंजु देवी | 338/2022 | सदर | कैन्टोनमेन्ट | 157 | 114 | 469, 470 | 36.5 |
| 84 | राजेन्द्र कुमार वगै0 | प्रमीला कुमारी | 339/2022 | सदर | सिंघानी | 153 | 5 | 61 | 6 |
| 85 | धनेश्वर राम | सुरेन्द्र राम | 340/2022 | केरेडारी | लईसुकवार | 16 | 30 | 35 | 16 |
| 86 | बाल गोबिन्द कुमार | अमृता कुमारी | 342/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 65 | 46 | 4 |
| 87 | लवेश कुमार | दुलारी देवी | 343/2022 | सदर | जबरा | 154 | 17 | 885 | 4 |
| 88 | विकास चंन्द्र सुलंकी | सावित्री कुमारी | 344/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 83 | 833 | 7 |
| 89 | फुदन राम | मसोमात शीला | 349/2022 | कटकमसांडी | गोविन्दपुर | 63 | 39 | 141 | 11 |
| 90 | घनश्याम मुण्डा | अनिल हांसदा | 352/2022 | सदर | जबरा | 154 | 57 | 734 | 1.75 |
| 91 | मोसेमात जिरवा देवी वगै0 | मीना देवी | 355/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 15 | 383 | 24 |
| 92 | देवंती देवी | विजय कुमार | 356/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 24 | 1704 | 5 |
| 93 | पुष्पा देवी | भारती | 357/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 34 | 1766 | 8 |
| 94 | अनुपमा देवी | विनोद रविदास वगै0 | 366/2022 | सदर | लाखे | 155 | 6 | 572 | 4.5 |
| 95 | चेतो ठाकुर | रितेश ठाकुर | 369/2022 | कटकमसांडी | कटकमसांडी | 36 | 45 | 2453 | 4 |
| 96 | मोसोमात ईशरावती देवी | गुड़िया देवी | 382/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 19 | 642 | 2 |
| 97 | शांति एम्मानुल | आशीष टोप्पो | 391/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 9 | 2499 | 1 |
| 98 | राम नरेश कुमार | रवि कुमार | 394/2022 | कटकमसांडी | कन्डसार | 55 | 88 | 2350 | 4 |
| 99 | जगदेव राम | बॉबी रानी | 399/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 67 | 683 | 2 |
| 100 | विकास कुमार वगै0 | सुनिल कुमार दास | 400/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 7 |
| 101 | विकास कुमार वगै0 | प्रभु राम वगै0 | 401/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 84 |
| 102 | लीला देवी | फुदो देवी | 403/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 81 | 664 | 6 |
| 103 | सोमर राम वगै0 | खुशबू कुमारी | 413/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 43 | 87 | 5 |
| 104 | सुधा देवी | दिनेश कुमार राम | 421/2022 | कटकमसांडी | जैलमा | 66 | 54 | 437 | 4 |
| 105 | बालदेव मंडल | सपना कुमारी | 422/2022 | सदर | कोर्रा | 158 | 3 | 1504 | 8 |
| 106 | किशोर कुमार वाल्मीकि | श्याम बिहारी | 423/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 8 | 248 | 32.5 |
| 107 | भूदेव नन्द | जयदेव कुमार | 427/2022 | सदर | जबरा | 153 | 36 | 1229 | 46.5 |
| 108 | विकास चन्द्र सुलंकी | गीता देवी | 431/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 83 | 833 | 4 |
| 109 | लल्लू राम | विवेक कुमार दास | 484/2022 | सदर | बैहरी | 150 | 15 | 1423 | 19 |
| 110 | लीलावती देवी | सोनी गाड़ी | 485/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 1199 | 8 |
| 111 | प्यारी ठाकुर वगै0 | ममता देवी | 488/2022 | केरेडारी | हेवई | 8 | 65 | 2268, 2282, 2283 | 9.8 |
| 112 | बैजनाथ रजक | विवेक कुमार | 490/2022 | सदर | सिलवारकला | 179 | 77 | 584 | 2.85 |
| 113 | संजय कुमार | संगीता देवी | 507/2022 | कटकमसांडी | पेलावल | 130 | 131 | 3599 | 6 |
| 114 | जनार्दन टोप्पो | भारतीय रेलवे | 510/2022 | सदर | मटवारी | 158 | 7 | 729 | 9 |
| 115 | बैजू पासवान | राखी कुमारी | 524/2022 | केरेडारी | भदईखाप | 76 | 46 | 33 | 6 |
| 116 | कामाख्या नारायण मुण्डा | स्वाती एक्का | 525/2022 | सदर | जबरा | 154 | 41 | 94 | 5 |
| 117 | अनुपमा देवी | बिनोद रविदास वगै0 | 526/2022 | सदर | लाखे | 155 | 6 | 572 | 4.5 |
| 118 | मुकेश दास | राजु कुमार राम | 527/2022 | सदर | गुड़ुवा | 239 | 3 | 62 | 12 |
| 119 | राम नरेश राम | रवि कुमार | 532/2022 | सदर | नगवां | 165 | 88 | 2350 | 4 |
| 120 | राजू पासवान | ललिता देवी | 533/2022 | केरेडारी | भदईखाप | 76 | 46 | 33 | 12 |
| 121 | बन्टी रजक | सुमन देवी | 535/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 14 | 35 | 4.5 |
| 122 | बदरी रविदास वगै0 | संजय कुमार दास | 538/2022 | कटकमसांडी | असधीर | 65 | 34 | 985 | 18 |
| 123 | रामा राम | छोटू कुमार पासवान | 547/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 54 | 1394 | 2 |
| 124 | लीलावती देवी | नीलम प्रफुलित तिग्गा | 550/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 18 | 1297 | 9 |
| 125 | लीलावती देवी | अनीता कुमारी | 551/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 18 | 1297 | 6 |
| 126 | महादेव ठाकुर | बिनोद कुमार महतो | 553/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 37 | 85 | 4 |
| 127 | विकास कुमार वगै0 | मोसेमात मुनी | 554/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 6 |
| 128 | अजय कुमार मिंज | देवन्ती देवी | 555/2022 | सदर | जबरा | 154 | 60 | 1312 | 3.5 |
| 129 | अजय कुमार मिंज | सरस्वती देवी | 556/2022 | सदर | जबरा | 154 | 60 | 1312 | 4 |
| 130 | बिहारी राम उर्फ बिहारी मिश्री वगै0 | रूबी रजक | 559/2022 | सदर | लाखे | 155 | 6, 19 | 847, 846 | 4 |
| 131 | पुष्पलता | आशीष कुमार वर्मा | 573/2022 | सदर | ओकनी–1 | 138 | 40 | 602 | 6 |
| 132 | दिलीप राम वगै0 | अभिनय दीप | 574/2022 | सदर | जबरा | 154 | 64 | 475 | 6.75 |
| 133 | घनश्याम मुण्डा | अनिल हांसदा | 577/2022 | सदर | जबरा | 154 | 57 | 734 | 7 |
| 134 | गणेश राम वगै0 | ललीता कुमारी | 582/2022 | कटकमसांडी | गदोखर | 81 | 82 | 3685 | 6 |
| 135 | कुंदन कुमार | जीतेन्द्र कुमार दास | 583/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 20 | 753 | 4 |
| 136 | जयनाथ कच्छप | मीरा देवी तिग्गा | 586/2022 | सदर | कोर्रा | 157 | 112 | 390 | 2.5 |
| 137 | छोटेलाल | रीना कुमारी | 587/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 48 | 2013 | 5 |
| 138 | साहिल कुमार वगै0 | राजेश रविदास | 590/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 79 | 1726, 1727 | 4.5 |
| 139 | प्रकाश राम वगै0 | मधु माला | 593/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 678 | 4 |
| 140 | शान्ती देवी | धनेश्वर रविदास | 616/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 16 | 1928 | 5 |
| 141 | सहादर भुईया | रामचन्द राम | 624/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 58 | 1392 | 42 |
| 142 | लीलावती देवी | अनिल कच्छप | 625/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 739 | 8 |
| 143 | संतोष कुमार रजक | मोहन दास | 626/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 14 | 35 | 9.33 |
| 144 | लीलावती देवी | सुमन हंस | 627/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 739 | 7.75 |
| 145 | लीलावती देवी | ग्रेस लकड़ा | 629/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 739 | 4 |
| 146 | प्रदीप कुमार | मेघु महतो | 631/2022 | केरेडारी | कोदवे | 25 | 16 | 241 | 12 |
| 147 | आशा देवी | अरविन्द कुमार दास | 633/2022 | सदर | मंझलीकर्वे | 174 | 54 | 382 | 4 |
| 148 | लीलावती देवी | मसीह फ्रांसिस्स | 642/2022 | सदर | जबरा | 154 | 6 | 736 | 9 |
| 149 | प्रदीप कुमार | मेघु महतो | 645/2022 | केरेडारी | कोदवे | 25 | 16 | 241 | 12 |
| 150 | जयन्ती देवी | मंजू देवी | 648/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 6 |
| 151 | जयन्ती देवी | पिंकी कुमारी | 649/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 4 |
| 152 | जयन्ती देवी | रेशमी देवी | 650/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 4.5 |
| 153 | जयन्ती देवी | मनोज कुमार | 651/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 8 |
| 154 | जयन्ती देवी | प्रदीप राम | 652/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 4 |
| 155 | जयन्ती देवी | सुनिता देवी | 653/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 9 | 343 | 4 |
| 156 | पियासो देवी | इन्दु देवी | 662/2022 | सदर | बहोरनपुर | 232 | 27 | 407 | 8 |
| 157 | सुरेश नारायण महतो | बसंत राम | 666/2022 | सदर | ओकनी नं0–2 | 137 | 44 | 337 | 4 |
| 158 | सुरेन्द्र राम | पिंकी देवी वगै0 | 681/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 121 | 696 | 3 |
| 159 | राधा देवी | सुमन वर्मा | 683/2022 | सदर | कर्वेकला | 173 | 1 | 414 | 17 |
| 160 | नेहा टोप्पो | पौल प्रकाश मिंज | 684/2022 | सदर | लाखे | 155 | 31 | 579 | 8 |
| 161 | अंजू शर्मा | शारदा देवी | 688/2022 | सदर | सिलवारखुर्द | 181 | 34 | 372, 373, 374 | 4 |
| 162 | बसन्त वर्मा | सपना वर्मा | 689/2022 | सदर | बानाहप्पा | 212 | 45 | 1648 | 40 |
| 163 | सूरज राम | महावीर भुईयां | 690/2022 | सदर | मेरू | 216 | 86 | 5043 | 6 |
| 164 | धनेश्वरी देवी | बालेश्वर राम | 694/2022 | कटकमसांडी | अतिया | 77 | 17 | 259 | 7.5 |
| 165 | मोसेमात सरिता | रत्नी देवी | 700/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 37 | 1292 | 2 |
| 166 | मनोज राम | दीपक कुमार रजक | 808/2022 | सदर | लखैया | 213 | 5 | 43 | 4 |
| 167 | नागेन्द्र मुण्डा | करमेला तिर्की | 813/2022 | सदर | जबरा | 154 | 65 | 890 | 10 |
| 168 | कैलाश राम | ललिता देवी | 818/2022 | सदर | सिरसी–1 | 144 | 36 | 107 | 2 |
| 169 | अगुस्टीन तिर्की | सिसिलिया | 821/2022 | सदर | सारले | 159 | 64 | 156 | 6.88 |
| 170 | धनेश्वर राम वगै0 | सरिता देवी | 825/2022 | सदर | चंदवार | 241 | 17 | 364 | 18 |
| 171 | रूकमीन देवी | सुरेन्द्र रविदास | 826/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 65 | 46 | 3.21 |
| 172 | सुकर तुरी वगै0 | देवनारायण तुरी | 832/2022 | सदर | भेलवारा | 246 | 20, 46, 29 | 505, 506, 507 | 4.5 |
| 173 | अलख पासवान | राजु पासवान | 837/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 37 | 269 | 4 |
| 174 | पप्पु राम वगै0 | अमृता देवी | 839/2022 | सदर | कदमा–1 | 142 | 42 | 476 | 1.01 |
| 175 | अमित कुमार | तारा देवी | 840/2022 | कटकमसांडी | पेलावल | 130 | 149 | 3322 | 5 |
| 176 | चरकु ठाकुर वगै0 | पूजा देवी | 843/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 37 | 639 | 4 |
| 177 | दीपक कुमार | रोजालिया बरवा | 848/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 34 | 65/95 | 4 |
| 178 | सुरेश तिग्गा वगै0 | रोजालिया बरवा | 849/2022 | सदर | मासीपीढ़ी | 120 | 51 | 136 | 10 |
| 179 | सुमा देवी | अर्पिता कुमारी | 852/2022 | सदर | रेवार | 230 | 3 | 15 | 4 |
| 180 | सुमा देवी | रोजी सिंह | 853/2022 | सदर | रेवार | 230 | 3 | 15 | 8 |
| 181 | सुमा देवी | मुस्कान कुमारी | 855/2022 | सदर | रेवार | 230 | 3 | 15 | 4 |
| 182 | प्रदीप कुमार राम | लक्ष्मी देवी | 857/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 162 | 39 | 1063, 952, 988, 1048 | 2 |
| 183 | मंती देवी वगै0 | मोनीता कुमारी | 860/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 35, 37, 37 | 295, 269, 269 | 10.5 |
| 184 | शंकर दास राम | प्रियंका देवी | 865/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 14, 6 | 630, 631 | 5 |
| 185 | रोशालिया तिर्की | जागेश्वर उराँव | 866/2022 | सदर | चानो–2 | 149 | 52 | 187 | 8 |
| 186 | शंकर दास राम | खुशबू कुमारी चन्द्रवंशी | 867/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 14, 6 | 630, 631 | 5 |
| 187 | शंकर दास राम | जयकिशोर राम | 868/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 14, 6 | 630, 631 | 5 |
| 188 | शंकर दास राम | संध्या देवी | 869/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 14, 6 | 630, 631 | 5 |
| 189 | शंकर दास राम | अजय सिंह रवानी | 870/2022 | सदर | मेरावल | 161 | 14, 6 | 630, 631 | 5 |
| 190 | बालेश्वर पासवान वगै0 | निरासो देवी | 873/2022 | सदर | लाखे | 155 | 45 | 988 | 6 |
| 191 | धनेश्वरी देवी वगै0 | दिनेश कुमार राम | 875/2022 | कटकमसांडी | अतिया | 77 | 17 | 413 | 6.25 |
| 192 | खेमलाल उराँव वगै0 | मारसा हस्सा | 701/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 37 | 1292 | 4 |
| 193 | खोखुन कुमार | सुनील कुमार दास | 703/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 80 | 796 | 3 |
| 194 | भुनेश्वर ठाकुर | हेमिया देवी वगै0 | 704/2022 | सदर | हरहद | 117 | 93 | 508 | 7 |
| 195 | सन्नी मिन्ज | आनन्द कुमार भगत | 705/2022 | सदर | लाखे | 155 | 15 | 127 | 10.5 |
| 196 | खेमलाल उराँव वगै0 | मुकुल कच्छप | 727/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 37 | 1293 | 4 |
| 197 | शनी मिंज | डेजी सरिता खलखो | 728/2022 | सदर | लाखे | 155 | 15 | 1021 | 9 |
| 198 | शांति देवी | किरन देवी | 729/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 5 | 721 | 6.5 |
| 199 | महावीर ठाकुर | सोनी कुमारी | 732/2022 | सदर | ओरिया | 152 | 45 | 131 | 1.66 |
| 200 | पुतुल देवी | भुनेश्वरी देवी | 736/2022 | सदर | कोर्रा | 156 | 65 | 46 | 8 |
| 201 | खोखुन कुमार | किशोर कुमार पासवान | 752/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 80 | 796 | 4 |
| 202 | खोखुन कुमार | टेकलाल पासवान | 753/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 80 | 796 | 4 |
| 203 | शशि देवी | बनवारी बेदिया | 762/2022 | सदर | लाखे | 155 | 13 | 581 | 5.33 |
| 204 | चन्दन उरांव | बनवारी बेदिया | 763/2022 | सदर | लाखे | 155 | 13 | 581 | 5.33 |
| 205 | रामेश्वर प्रसाद | मीना देवी | 766/2022 | सदर | नवडीहा | 162 | 35 | 1042, 1044, 1061 | 4 |
| 206 | प्रयाग राम | महेन्द्र राम | 767/2022 | सदर | कर्वेखुर्द | 172 | 7 | 793 | 4 |
| 207 | जयेश पीटर कुमार | श्वेता टोप्पो | 778/2022 | सदर | चानो–1 | 148 | 30 | 33 | 13 |
| 208 | छोटेलाल | ललीता देवी | 782/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 24 | 819 | 3 |
| 209 | खोखुन कुमार | टेकलाल पासवान | 784/2022 | सदर | हुड़हुड़ु | 147 | 80 | 796 | 8 |
| 210 | खीस्त नेम्हस कुजूर | मोरिस रूंडा | 799/2022 | सदर | जबरा | 154 | 49 | 842 | 8.5 |

PR 344847 (Revenue) 24-25 (D)

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

# ओड़िशा के एसओजी जवानों का विशेष भत्ता बढ़ाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन माझी का बड़ा ऐलान, राज्य सरकार ने एसओजी जवानों के विशेष भत्ते में वृद्धि की है। राज्य सरकार ने विभिन्न अभियानों पर जाने वाले एसओजी जवानों का विशेष भत्ता 8,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में एक पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने ओड़िशा पुलिस के एसओजी जवानों की बहुत प्रशंसा की है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार भविष्य में नक्सलों को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रही है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पुलिस के एसओजी और सीआरपीएफ ने नुआपड़ा जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के कुलारीघाट इलाके में नक्सलों की गतिविधियों की जानकारी के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया। इस ऑपरेशन में 14 नक्सली मारे गये। ये ऑपरेशन तीन दिन से लगातार चल रहा था। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि आने वाले दिनों में ओड़िशा में नक्सल विरोधी अभियान और व्यापक होगा।

## पीएम 28 जनवरी को ओड़िशा आयेंगे



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के एक दिवसीय दौरे करेंगे। मोदी 28 जनवरी को दिल्ली से एक विशेष विमान से भुवनेश्वर पहुंचेंगे। सुबह 10:35 बजे भुवनेश्वर हवाइअड्डे पर पहुंचने का कार्यक्रम है। 10:40 बजे प्रधानमंत्री भुवनेश्वर एयरपोर्ट से निकलकर सीधे जनता मैदान जायेंगे। सुबह 11 बजे, वह उत्कर्ष ओड़िशा-मेक इन ओड़िशा कांक्लेव-2025 के कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।**

# कैबिनेट की बैठक में 10 प्रस्तावों पर लगी मुहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में आज लोक सेवा भवन में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। ये निर्णय राज्य की जनता के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए लिये गये हैं। राज्य कैबिनेट की बैठक में 10 प्रस्तावों की मुहर। राज्य में शिक्षा क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक पंचायत में एक गोदावरीश मिश्र मॉडल स्कूल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से कुल 12 हजार करोड़ रुपये के खर्च की मंजूरी दी गयी है। इस वर्ष के पहले चरण में कुल 114 पंचायतों में आदर्श विद्यालय स्थापित करने की योजना है। ओड़िशा चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा नियम-2017 में संशोधन को स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए मंजूरी दी गयी है। भर्ती स्तर को 7 से घटाकर 6 करने और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराकर 5000 डॉक्टरों और 126 दंत चिकित्सकों की भर्ती करने का निर्णय लिया गया है। कृषि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की बहुत आवश्यकता है। इसे देखते हुए राज्य सरकार राज्य में नए कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। अनुसूचित जनजाति के लिए कुल निवेश पूंजी का 60% और सामान्य वर्ग के लिए 50% तक सब्सिडी दी जायेगी। कोल्ड स्टोरेज के लिए 50 प्रतिशत तक की बिजली शुल्क छूट और डेढ़ करोड़ रुपये तक की विशेष छूट प्रदान की जायेगी।

निवेश क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए आरआईआर कंपनियों को देश में पहली बार राज्य में निवेश करने का अवसर दिया जायेगा। कंपनी को इंसेंटिव के तौर पर कुल 50% दिया जायेगा, जिसे पहले से तय 30% से बढ़ा दिया गया है. साथ ही 110 करोड़ की प्रोत्साहन राशि से राज्य का निवेश क्षेत्र और मजबूत और समृद्ध होगा। 16वां वित्त आयोग अगले फरवरी में ओडिशा का दौरा करने वाला है। सरकार ने आयोग से 12,56,148 करोड़ की मांग की है और इस रकम को 2026 से 2031 के बीच खर्च करने की योजना है। ये निर्णय शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, निवेश जैसे क्षेत्रों में राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित करेंगे। मुझे उम्मीद और विश्वास है कि यह राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करके ओड़िशा की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को और मजबूत करने में मदद करेगा।

## मेक इन ओड़िशा कार्यक्रम में भारत के कई उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल होंगे




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 28 और 29 तारीख को उत्कृष्ट ओडिशा मेक इन ओड़िशा कार्यक्रम। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसमें भारत के कई बड़े उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। ओड़िशा कांक्लेव ऑफ एक्सीलेंस का आयोजन जनता मैदान, भुवनेश्वर में किया गया। 27 को विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचेंगे। उस दिन सीआइआइ की ओर से 5 सत्र आयोजित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिल्प महाकुंभ का उद्घाटन करेंगे। 29 को सुबह 5 सत्र और दोपहर में 5 सत्र होंगे। उत्कर्ष ओड़िशा मेक-इन ओड़िशा कॉन्क्लेव में देश की 100 फॉर्च्यून 500 कंपनियां शामिल होंगी। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है। उत्कर्ष ओड़िशा कांक्लेव में राज्य के एमएसएमई उद्यमियों को बढ़ावा दिया जायेगा। 29वें उदजापनी समारोह में मुख्यमंत्री प्रत्येक जिले से दो-दो युवा उद्यमियों को संवर्धित करेंगे । इस की जानकारी उद्योग सचिव हेमंत शर्मा ने दी।

## तुषार कांत पांडेय ने सतर्क रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** रमेश महानंद, पॉइंट्समैन-बी/अरंड, राजीव वर्मा, पॉइंट्समैन-बी/नरला रोड औरदीपक कुमार नाग, वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक, टिटलागढ़ को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में उत्कृष्ट योगदान और संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक, तुषार कांत पांडेय ने संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी की उपस्थिति में उन्हें प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।






## एसओए में निर्यात पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) में हाल ही में विदेशी व्यापार, लॉजिस्टिक्स और निर्यात पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने निर्यात में उपलब्ध संभावनाओं और अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन ऑल ओड़िशा एससी-एसटी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (ओएससीआइ) ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीइडीए), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और एसओए के सहयोग से किया था। सिडबी के उप महाप्रबंधक प्रद्युम्न कुमार चौधरी ने मुख्य भाषण देते हुए कहा कि बैंकों ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) को प्रशिक्षण, बैंकों के साथ सहयोग, विपणन सहायता, प्रौद्योगिकी उन्नयन और अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में उनकी भागीदारी सहित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहायता प्रदान की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार के संयुक्त निदेशक अमित कुमार ने आयात-निर्यात कारोबार के विकास पर बात की और बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी ने खरीदारों को खोजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। एपीडा, कोलकाता के क्षेत्रीय प्रमुख एसके मंडल ने खाद्य और कृषि के तहत निर्यात के लिए उपलब्ध अवसरों की रूपरेखा बतायी। अध्यक्ष साधु छत्रिया, नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक बिजय कुमार जामुदा, विश्व व्यापार केंद्र की सहायक निदेशक निमेशिका नटराजन, एसओए के कृषि विज्ञान संस्थान के डीन प्रो सनतोष कुमार राउत और एसओए के डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास ने भी सभा को संबोधित किया।

## केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने एमसीएल के कार्य की सराहना की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री किशन रेड्डी ने मंगलवार को भुवनेश्वर में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मंत्री ने राष्ट्र को ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने में एमसीएल टीम के अथक प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। बैठक में कंपनी की कार्य प्रणाली की समीक्षा और प्रदर्शन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री उदय अनंत काओले ने कंपनी के प्रदर्शन, उपलब्धियों, चुनौतियों, भविष्य की संभावनाओं और उभरते अवसरों का एक विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मंत्री ने एमसीएल की प्रगति की सराहना की और कोयला क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एमसीएल टीम के योगदान की सराहना की। उन्होंने कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए रेल-समुद्र-रेल मोड के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, रेड्डी ने भारत की शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्रतिबद्धता का समर्थन करते हुए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं, विविधीकरण योजनाओं, कोयला खनन में आइटी और एआइ के एकीकरण, और हरित ऊर्जा परियोजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कोयला उद्योग में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और कर्मचारी कल्याण को सुदृढ़ करने के लिए कंपनी की कॉर्पोरेट बीमा योजना में संविदा श्रमिकों के नामांकन में तेजी लाने की भी अपील की। इस बैठक में कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज, संयुक्त सचिव एसके कस्सी, एमसीएल के सीएमडी उदय अनंत काओले, एमसीएल के निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक और मुख्यालय के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## शुभलक्ष्मी उद्योगिनी परियोजना से ओड़िशा की महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सुभलक्ष्मी उद्योगिनी परियोजना, वेदांता लिमिटेड के साथ साझेदारी में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (इडीआइआइ), अहमदाबाद द्वारा शुरू की गयी, एक परिवर्तनकारी पहल है। इस परियोजना का उद्देश्य ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को मजबूत करना है। अपने महत्वाकांक्षी उद्देश्यों और प्रभावशाली रणनीतियों के साथ, यह परियोजना महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आकांक्षा रखती है। इस परियोजना का उद्देश्य अपने कार्यकाल के अंत तक सहकारी के आधार को 10,000 संचयी सदस्यों तक विस्तारित करना है, जिससे सशक्त महिलाओं का एक मजबूत नेटवर्क सुनिश्चित हो सके। 100% परिचालन स्थिरता प्राप्त करने पर केंद्रित, यह परियोजना सहकारी की दीर्घकालिक व्यवहार्यता और लचीलापन सुनिश्चित करना चाहती है। उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर, यह अपने 70% सदस्यों के कौशल और आकांक्षाओं का मानचित्रण करेगी, उन्हें उद्यमशीलता के अवसरों और स्वरोजगार पहलों से जोड़ेगी, जिससे अंततः सहकारी सदस्यों की आय में वृद्धि होगी। महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास पर अपने अटूट ध्यान के साथ, यह परियोजना कॉर्पोरेट संस्थाओं और विकास संगठनों के बीच सहयोग का एक प्रमाण है।


## टाटा स्टील मेरामंडली में 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मेरामंडली टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह शुरू किया है। जागरूकता पैदा करने और सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से टाटा स्टील मेरामंडली द्वारा यह महीना मनाया जा रहा है। भारत सरकार के परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार जनवरी 2025 से 14 फरवरी तक एक माह तक राष्ट्रीय सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस वर्ष की थीम 'बी रोड वर्दी' है, जो यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देगी और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़कों का उपयोग करेगी। इस संदर्भ में, टाटा स्टील मेरमंडली ने पूरे महीने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनायी है और तदनुसार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। कर्मचारी, डेवलपर्स और समुदाय के सदस्यों की प्रत्यक्ष भागीदारी के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना। इस माह को मनाने का उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना, सड़क यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देना और सभी हितधारकों के बीच सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करना है। टाटा स्टील मेरमंडली सभी हितधारकों को इस अभियान में सीधे भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है।

## टीपीडब्ल्यूओडीएल ने अवैध बिजली ग्राहकों पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

**बुर्ला।** टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) पूरे पश्चिमी ओड़िशा में अपने ग्राहकों को विश्वसनीय, उच्च गुणवत्ता और किफायती बिजली की आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी विशेष रूप से दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में अवैध बिजली के उपयोग को रोकने के लिए ठोस प्रयास कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईमानदार उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले। बिजली चोरी के प्रति जीरो टॉलरेंस की अपनी नीति के अनुरूप, टीपीडब्ल्यूओडीएल अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे नियमित निरीक्षण के दौरान, बोलांगीर जिले के अंतर्गत अगलपुर ब्लॉक के बत्ती गांव में एक चावल छिलका और आइसक्रीम फैक्ट्री को पास के एलटी नेटवर्क से अवैध हुकिंग के माध्यम से अनधिकृत रूप से चलते हुए पाया गया। छापेमारी के दौरान बुक किया गया कुल लोड 25.75 किलोवाट था। नतीजतन, हलर मालिक पर 5.24 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। टीपीडब्ल्यूओडीएल अपने सभी ग्राहकों से अवैध बिजली के उपयोग से परहेज करने का आग्रह करता है, जो न केवल कानून के तहत दंडनीय अपराध है, बल्कि नैतिक और नैतिक रूप से अस्वीकार्य भी है। बिजली चोरी से निपटने के लिए, कंपनी ने कयी पहल शुरू की हैं, जिसमें ग्राहकों के लिए अपने परिचालन क्षेत्र के भीतर अवैध बिजली के उपयोग की किसी भी घटना की रिपोर्ट करने के लिए एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर, 8093061179 स्थापित करना शामिल है।






# भारतीय रेल ने कुंभ यात्रा को बेहतर बनाने के लिए वेबसाइट और ऐप किया लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** गंगा, जिसे भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण नदी माना जाता है, न केवल भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अहम हिस्सा है। महाकुंभ एक ऐसा अवसर है जब लाखों तीर्थयात्री गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए प्रयाग आते है। हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाला महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है, जिसमें इस वर्ष लगभग 30 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। इस विशाल आयोजन में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारु और सुविधाजनक रखने के लिए भारतीय रेल ने पिछले तीन साल से अथक प्रयास किया है।

### भारतीय रेल की डिजिटल पहल

रेल यात्रा को बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल ने कुंभ रेल सेवा वेबसाइट और एक मोबाइल ऐप लांच किया है। ये प्लेटफॉर्म तीर्थयात्रियों को ट्रेन समय सारिणी, टिकट की उपलब्धता, स्टेशन सुविधाएं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करता है। टिकट बुक कर सकते हैं, और यात्रा से जुड़ी सभी जानकारी एक ही स्थान से प्राप्त कर सकते हैं। देश की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए स्टशनों पर 12 प्रमुख भारतीय भाषाओं में घोषणाएं की जा रही हैं। भारतीय रेल की सुविधा पुस्तिका 22 भाषाओं में उपलब्ध है और टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर भी हिंदी, अंग्रेजी और विभिन्न भारतीय भाषाओं में जानकारी प्रदान कर रहा है। भारतीय रेल का ये प्रयास हर तीर्थयात्री के लिए सूचना प्राप्त करना आसान बना रहा है, चाहे वो किसी भी भारतीय प्रांत का हो, या विदेशी हो। यात्रा को और भी आसान बनाने के लिए लगभग 2,000 स्टेशनों पर एकीकृत डिजिटल डिस्प्ले नेटवर्क स्थापित किया है, जिससे यात्रियों को वास्तविक समय में अपडेट मिलते हैं। साथ ही, प्रमुख टर्मिनलों पर टच-स्क्रीन कियोस्क लगाये गये हैं, जो टिकट काउंटर और सूचना केंद्र दोनों के रूप में कार्य करते हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**